## एक नजर

### डीजे को लेकर हुए विवाद में युवक को पीटा

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम झानपुर महोलिया निवासी नन्ही देवी पत्नी तुलाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 अक्टूबर को गांव में दूसरे समुदाय के युवक के घर दावत थी। जिसमें डीजे भी लगवाया गया था। आरोपी पक्ष के लोग उनके बेटे को घर से बुलाकर दावत में ले गए। वहां डीजे पर डांस करते वक्त झगड़ा हो गया। इसके बाद पहले वहां मारपीट की गई। कुछ देर बाद आरोपी उनके घर आ गए और दोबारा हंगामा किया। ये भी आरोप लगाया कि उस वक्त पुलिस ने उनके बेटे का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गोवंश से टकराए बाइक सवार, गंभीर घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बीसलपुर मुख्य मार्ग पर छुट्टा गोवंश से टकराकर बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसा बुधवार शाम को हुआ। गांव नवादा महेश के राजेश कुमार पुत्र दिलसुख, श्यामाचरन पुत्र राम बहादुर और भगवत शरन पुत्र लालता प्रसाद बुधवार को गांव टिकरी से मजदूरी करके घर लौट रहे थे। किसी काम से वह गांव न जाकर कस्बे में आ गए। यहां से वापस जाते वक्त गांव मोहम्मदगंज अमखिड़िया के पास बाइक पशु से टकरा गई। तीनों को सीएचसी भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जाती है। इस हादसे का पता लगने पर घायलों के परिवार वाले भी सीएचसी पहुंच गए।

# जिले में स्मार्ट क्लास का हाल : 60 फीसदी स्कूलों में सेवाएं बदहाल

## किसी स्कूल में इंटरनेट नहीं तो कहीं बिजली गायब, कहीं शिक्षकों को नहीं दिया प्रशिक्षण

सौरभ सिंह, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में शत प्रतिशत परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास लगाने का लक्ष्य तय किया है। विभाग करीब 90 फीसदी स्कूलों को स्मार्ट बनाने के दावे करता है, लेकिन धरातल पर ये दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। स्कूलों में स्मार्ट टीवी तो लगा दिए गए हैं, लेकिन उन्हें चलाने के लिए इंटरनेट की सुविधा नहीं दी गई। शहर के सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लास ठप हैं।

इनका संचालन सिर्फ कागजों में हो रहा है। ऐसे में परिषदीय विद्यालयों के बच्चे स्मार्ट नहीं बन पा रहे हैं। इन स्कूलों के शिक्षकों का कहना है कि स्कूलों में जो सिम दिए गए हैं, उनमें नेटवर्क नहीं आ रहे, या फिर एक्टिव नहीं है।

जिले में 1508 प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, कंपोजिट और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित हैं। ऑपरेशन कायाकल्प सहित अन्य योजनाओं से परिषदीय विद्यालयों को निजी स्कूलों की तर्ज पर विकसित किया गया है। इसको लेकर साल 2022-23 में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 273 स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित किए गए हैं। इन पर करीब छह करोड़ 55.20 लाख की लागत का बजट खर्च किया गया था। नगरीय क्षेत्र के पांच स्कूल लिए गए थे जबकि अन्य सभी ग्रामीण क्षेत्रों के थे। इन स्मार्ट क्लास में एलईडी टीवी, प्रोजेक्टर, इनवर्टर आदि की व्यवस्था की गई। बेसिक शिक्षा विभाग का दावा है कि सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लास से बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। लेकिन जब इन स्मार्ट क्लास वाले स्कूलों को चेक किया तो स्थिति विपरीत मिली। शहरी क्षेत्र के पांचों स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा सिम न होने और प्रशिक्षण न दिए जाने की वजह से ठप पड़ी मिली। शिक्षकों का कहना है कि स्कूलों में टीवी लगाए दिए है, लेकिन जो डोंगल दिए गए है। वह काम नहीं कर रहे हैं। या फिर सिम एक्टिव नहीं है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी क्लासों का संचालन ठप मिला।

- वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के 273 जूनियर स्कूलों में कराई थी व्यवस्था

### टीवी और सिम दिया, मगर एक्टिव नहीं कराया



नगरीय क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय नखासा में स्मार्ट क्लास स्थापित की गई थी। वर्तमान समय में यहां बच्चों की संख्या 117 है। यह विद्यालय शिक्षक विहीन चल रहा है। सिर्फ प्रधानाध्यापक के तौर पर अमित मिश्रा कार्यरत है। जिनको एआरपी बना रखा है। जो स्कूल में नहीं रहते हैं। ऐसे में एक अटैचमेंट वाली शिक्षिका है। जो पढ़ा रही है। प्रधानाध्यापक अमित मिश्रा ने बताया कि टीवी लगा हुआ है। साथ में डोगल और वीआई का सिम भी मिला है। लेकिन सिम एक्टिव नहीं है। इस वजह से टीवी नहीं चल पा रहा है। मोबाइल से अटैच करके चलाने पर नेट खत्म हो जाता है। इसलिए टीवी बंद ही रहता है। सिम को लेकर विभाग में कई बार सूचना दे चुके है। मगर सुनवाई नहीं हुई है।

### नहीं मिल रहा नेटवर्क, कैसे चले टीवी



अमरिया ब्लॉक के जोशी कॉलोनी में कंपोजिट विद्यालय है। ताकि आसपास के बच्चों को शिक्षा मिल सके। इस स्कूल में 191 बच्चे पंजीकृत है। इनमें कक्षा एक से पांच तक में 111 कक्षा छह से आठ में 80 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इनको पढ़ाने के लिए यहां पर छह शिक्षक कार्यरत है। बच्चों को आधुनिक तरीके से पढ़ाने के लिए जनवरी में स्मार्ट टीवी लगवाया गया था। ताकि बच्चों को खेल के माध्यम से पढ़ाया जा सके। लेकिन टीवी लगने के बाद नेटवर्क नहीं मिलने की वजह से टीवी नहीं चल पा रही है। नेट की स्पीड लो आती है। ऐसे में टीवी पर गोल चक्का घूमता रहता है। सिम 4 जी कंपनी का मिला है। इस वजह से टीवी नहीं चल पा रही है। बीईओ को मामले की सूचना दे दी गई है। अभी तक समाधान नहीं हो सका है।

### शिक्षक नहीं जानते टीवी कनेक्ट करना



नगरीय क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय चौकी मंसा सिंह में 178 बच्चे पंजीकृत है। पढ़ने के लिए यहां एक प्रधानाध्यापक, दो शिक्षक और 04 शिक्षामित्र कार्यरत है। इस स्कूल में भी चार माह पहले टीवी लगाया गया है। टीवी लगाने के दौरान विभाग की ओर से डोगल नहीं दिया गया है। ऐसे में टीवी एक कमरे में बंद पड़ी है। शिक्षिका ने कमरे का ताला खोलकर टीवी को दिखाया। इतना ही नहीं जब शिक्षिका से टीवी चलाने के लिए कहा गया तो उसने बताया कि टीवी के साथ कोई अन्य सामान नहीं दिया गया है। टेबलेट मिला है। जिसमें भी स्पीड नहीं आती है। टीवी को लेकर प्रशिक्षण भी नहीं दिया है। ऐसे में शिक्षिका टेबलेट से टीवी को कनेक्ट करने भी नहीं जानती है। ऐसे में अदांजा लगाया जा सकता है कि यहां स्मार्ट क्लास के नाम पर सिर्फ धोखा दिया जा रहा है। फिर भी विभाग के अभिलेख में टीवी शत प्रतिशत चल रही है।

### किस ब्लॉक में कितनी क्लास

| ब्लॉक - | संख्या |
|---|---|
| अमरिया - | 34 |
| बरखेड़ा - | 32 |
| बीसलपुर- | 24 |
| बिलसंडा - | 53 |
| ललौरीखेड़ा- | 35 |
| मरौरी - | 41 |
| पूरनपुर - | 54 |

273 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की गई थी। स्मार्ट क्लास बनाने वाली फर्म का चयन शासन स्तर से हुआ था। कुछ जगह पर नेटवर्क की कमी आ रही है। इसको लेकर शासन में पत्राचार किया गया है। अगर किसी स्कूल को डोगल नहीं मिला है या फिर वह उसका संचालन नहीं कर पा रही है। तो वह विभाग को तत्काल अवगत कराएं।
**- अमित कुमार** सिंह बीएसए

### यूपीएस खराब, लोड नहीं उठा रही टीवी



अमरिया ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय टोडरपुर में 234 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। इस स्कूल में तीन शिक्षक पढ़ाने के लिए नियुक्ति किए गए हैं। यह स्कूल एक से आठ तक संचालित हो रहा है। जहां टोडरपुर के अलावा आसपास के स्कूलों के बच्चे भी पढ़ने के लिए आते हैं। यहां भी जनवरी में टीवी मिला था। जब टीवी मिला था। तो टीम ने चलाकर दिखाया था। लेकिन कुछ दिन के बाद टीवी के साथ लगाया गया यूपीएस ने चार्जिंग लेना बंद कर दिया। उसे चेक करवाया गया। लेकिन वह काम नहीं कर रहा है। कई बार टीवी चलाने के बाद दौरान वह पांच मिनट में ही स्वयं बंद हो जाता है। ऐसे में ऑफलाइन पढ़ाई ही कराई जा रही है।

# ब्लॉक स्तरीय गणित प्रतियोगिता संपन्न

संवाददाता, बरखेड़ा



गणित प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कृत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय गणित प्रतियोगिता बुधवार को कराई गई। जिसमें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग लिया।

न्याय पंचायत स्तर पर विजयी हुए छात्र-छात्राओं को ब्लॉक स्तर पर गणित की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया गया। छात्र-छात्राओं ने गणित की प्रतियोगिता में उत्साह दिखाते हुए समयानुसार प्रतियोगिता को पूर्ण किया। एआरपी विनय पांडेय ने बच्चों को प्रश्न पत्र हल करने संबंधित दिशा निर्देश दिए। कहा कि प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर विजयी हुए दो -दो छात्र-छात्राओं को जनपद स्तरीय गणित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय डंडियाभगत के अमित, प्राथमिक विद्यालय बर्रामऊ के आयुष, बालिका वर्ग मे प्राथमिक विद्यालय बरखेड़ा नंबर दो की पायल,कंपोजिट विद्यालय बसई पुरैना की पलक जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। उच्च प्राथमिक स्तर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय दियोराजपुर के अमित कुमार , उच्च प्राथमिक विद्यालय रमपुरा नत्थू के अनुज एवं आयुष, बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय बरगदा की रजनी देवी , कंपोजिट विद्यालय पुरैनिया रामगुलाम से सेजल जनपद स्तरीय गणित प्रतियोगिता में चयनित हुए।

इस मौके पर एआरपी ( विज्ञान ) ज्ञान प्रकाश, वेद प्रकाश, आशुतोष, सोनिल, संदीप,राजकुमार, हेमंत, गीता सागर, जयकिरण,शबाना, मोहनलाल आदि मौजूद रहे।

# मझोला वासियों ने रखीं समस्याएं सौंपे पत्र

**मझोला, अमृत विचारः** एसडीएम अमरिया की अगुवाई में कस्बे के गन्ना समिति परिसर में जनसुनवाई कार्यक्रम होना था। शासकीय कार्य आने के चलते एसडीएम शामिल नहीं हो सके।उनकी गैर मौजूदगी में राजस्व विभाग की टीम ने लोगों की शिकायतें सुनी। कारज सिंह ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मध्य दाह ग्राम की कट गई भूमि के सीमांकन के लिए प्रार्थना पत्र दिया। यतेन्द्र कुमार ने जन्मप्रमाण बनने के लिए आवेदन दिया। रामऔतार कश्यप ने मझोला पीएचसी में चिकित्सकों की नियुक्ति, ग्राम प्रधान भिंडारा लालताप्रसाद ने ग्राम सभा की भूमि के चिन्हांकन व पेड़ों की नीलामी के लिए पत्र दिया। इसके अलावा हरपाल ने मझोला क्षेत्र में फायर ब्रिगेड का वाहन मुहैया कराने की गुहार लगाई।

# संकुल स्तरीय भाषा प्रतियोगिता आयोजित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


प्रतियोगिता में परचम लहराने वाले छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

- निबंध में भूड़ गौंटिया के तुषार रहे विजेता

**अमृत विचारः** मरौरी विकास क्षेत्र की न्याय पंचायत हिम्मतनगर की संकुल स्तरीय हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा की प्रतियोगिताओं का आयोजन बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान राम बेटी ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कराई। बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

सर्वप्रथम प्राथमिक स्तर की हिंदी भाषा की सुलेख प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा की मीनाक्षी वर्मा और प्राथमिक विद्यालय हिम्मतनगर की चमन विजयी रहीं। अंग्रेजी भाषा की सुलेख प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय पौटा खुर्द की पूजा और प्राथमिक विद्यालय टंडोला के विवेक वर्मा विजेता बने। हिंदी के श्रुतलेख में प्राथमिक विद्यालय जौनापुरी के गौरव और प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा की मीनाक्षी वर्मा ने प्रथम पुरस्कार जीता। अंग्रेजी भाषा में टंडोला के विवेक वर्मा और टाह पौटा के कौशल राज विजयी रहे। हिंदी कविता पाठ में टंडोला की रमशा फात्मा और प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा की वैष्णवी और कृष्णा विजेता बने। अंग्रेजी कविता पाठ में टंडोला की रमशा फात्मा और टाह पौटा के ऋषभ विजेता बने। हिंदी प्रश्नोत्तरी में प्राथमिक विद्यालय जौनपुरी की आयुषी, प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा के राजन प्रथम आए। अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी में प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा के पल्लव मौर्य और आस्था शर्मा विजेता बनीं।

प्राथमिक स्तर की हिंदी निबंध प्रतियोगिता में भूड़ गौंटिया के तुषार और प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा के कृष्णा विजयी रहे, जबकि अंग्रेजी में कंपोजिट विद्यालय पौटा खुर्द की पूजा और प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा के कौशल राज ने बाजी मारी। उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी श्रुतलेख में पौटा खुर्द के नरेंद्र और बिलगवां के अनुज, अंग्रेजी श्रुतलेख में टाह पौटा के अरुण, अखिलेश जीते। हिंदी सुलेख में उच्च प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा के आदेश, प्रतिज्ञा और अंग्रेजी सुलेख में उच्च प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा के आदेश व सोनम वर्मा विजेता बने।

हिंदी प्रश्नोत्तरी में उच्च प्राथमिक विद्यालय गौहनिया की माहेनूर और शुभम वर्मा ने बाजी मारी। जबकि अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी में टाह पौटा की सोनम और गौहनिया के मोहित वर्मा विजेता बने। विजेताओं एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय कुमार, प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा के प्रधानाध्यापक डॉ.विभव सक्सेना की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# जिले में सर सैयद डे पर आज होंगे कई कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक शिक्षाविद सर सैयद अहमद खान के 207 वें जन्मदिवस पर शहर के एक बरात घर में हर साल की तरह 17 अक्टूबर को सर सैयद डे मनाया जाएगा। एएमयू ओल्ड बॉयज फोरम के अध्यक्ष अफरोज जिलानी ने बताया कि इस बार सर सैयद डे पर स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा।

इसकी शुरुआत सुबह दस बजे डीएम संजय कुमार सिंह करेंगे। डॉ.शकील किदवई, डॉ. मनाजिर इकबाल, डॉ. परवेज़ खान,डॉ.विकास अग्रवाल, डॉ.जावेद खान, डॉ. ज़ीशान,डॉक्टर कीर्ति सिंह, डॉ.चांदनी मतलूब मरीजों का चेकअप करेंगे। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी पुरस्कृत किए जाएंगे। शाम साढ़े सात बजे मुशायरा होगा। जिसमें युवा शायर हाशिम जलालपुरी,सुल्तान जहां, संजय गौहर, मुजीब साहिल को सर सैयद अवार्ड से नवाजा जाएगा। इसी के बाद ग़ज़ल संध्या होगी। गायक संजीव पाराशरी अपनी प्रस्तुति देंगे। मुख्य अतिथि केजीएमयू के हड्डी विभाग के पूर्व विभागध्यक्ष डॉ. शकील क़िदवई होंगे।

# गणित में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, अमरिया


प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बीआरसी परिसर में ब्लॉक स्तरीय गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर से न्याय पंचायत में विजयी छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चो को ट्रॉफी देकर एआरपी खेमपाल सिंह ने पुरस्कृत किया।

प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय ऐदवारा के हर्षित साना प्रथम, प्राथमिक विद्यालय परेवा वैश्य के समर द्वितीय रहे। जबकि बालिका वर्ग से प्राथमिक विद्यालय नवादाकंजा की दीपांशी प्रथम, प्राथमिक विद्यालय भूड़ा कैमोर की संध्या द्वितीय रही। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय अंडरायन के मनोज पाल प्रथम, कंपोजिट विद्यालय गिधौर के मानव दूसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग से कंपोजिट विद्यालय गिधौर की तनीषा प्रथम, कंपोजिट विद्यालय उगनपुर की पायल दूसरे स्थान पर रही। इस मौके पर एआरपी प्रवीन शुक्ला ,वीरपाल, मनोज कुमार ,देवेंद्र कुमार नीरज ,आलोक,कंसल ,अनामिका ,सीमा ,नवीन ,आशीष ,अंकित मिश्र ,कपिल आदि मौजूद रहे।

# पैनल ने किया तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम

**पीलीभीत, अमृत विचारः** हरीपुर रेंज में मिले तेंदुआ के शव तीन पशु चिकित्सकों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। उधर, पीटीआर के अफसरों ने तेंदुआ की मौत के बाद निगरानी बढ़ा दी है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की हरीपुर रेंज के किशनपुर बीट के जंगल में मंगलवार सुबह तेंदुए का शव मिला था। शुरुआत से पीटीआर के अधिकारी आपसी संघर्ष में मौत होने की आशंका जता रहे थे। बुधवार को जिला मुख्यालय पर तीन चिकित्सकों के पैनल ने तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम किया। एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार पैनल ने पोस्टमार्टम कराया गया।

# खिलाड़ियों ने दूसरे दिन भी लहराया परचम


मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पीलीभीत के खिलाड़ी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पांच स्वर्ण, सात रजत और आठ कांस्य पदक पर किया कब्जा
- शाहजहांपुर में आयोजित प्रतियोगिता आज होगी संपन्न

**अमृत विचारः** शाहजहांपुर में आयोजित तीन दिवसीय मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को कई प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें पीलीभीत के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए तमाम पदक पर कब्जा जमाया।

100 मीटर दौड़ में पीआईसी पूरनपुर के मोहम्मद अबी प्रथम, सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज अमरा करोड़ के रोहित सिंह ने रजत पदक जीता। अंडर19 वॉकरेस में पीआईसी पूरनपुर के ऋषि कुमार ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इसी आयु वर्ग की 200 मीटर दौड़ में सरस्वती विद्या मंदिर पूरनपुर के हरीश चन्द्र ने स्वर्ण पदक, अंडर 17 की 200 मीटर दौड़ में सरस्वती विद्या मंदिर पूरनपुर के ताजिम ने स्वर्ण पदक जीता। अंगूरी देवी बालिका इंटर कॉलेज की कशिश ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

17 वर्षीय आयु वर्ग के हैमर थ्रो में एसआरएम इंटर कॉलेज बीसलपुर के शमी अखलाक ने रजत पदक, इसी कॉलेज की कुमारी भावना ने 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। सरस्वती विद्या मंदिर पूरनपुर की छात्रा गीतिका गिरी ने हैमर थ्रो में रजत पदक प्राप्त किया। अंडर 17 आयु वर्ग में सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज अमरा करोड़ के रोहित सिंह ने कूद में रजत पदक जीता।

जिला क्रीड़ा सचिव राजेश शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता का दूसरा दिन भी पीलीभीत के खिलाड़ियों के लिए खास रहा। करीब पांच स्वर्ण पदक, सात रजत पदक और आठ कांस्य पदक खिलाड़ियों ने जीते हैं। प्रतिभागियों के पदक जीतने पर डीआईओएस डॉ. अचल कुमार मिश्र, जिला क्रीड़ा समिति के सदस्यों, खेल शिक्षक अनिता जोशी, विजयलक्ष्मी ,रीना मिश्रा, संजय पांडे, संजय सरकार, यासीन खां, शिवम कुमार ने हर्ष जताया और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मेडिकल कॉलेज में कक्षाएं शुरू, परिचय के नाम रहा पहला दिन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


मेडिकल कॉलेज में शैक्षिक सत्र शुरु होने के बाद डीएम, प्राचार्य और डीन के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

- डीएम की मौजूदगी में प्राचार्य ने गिनाई कॉलेज की विशेषताएं, अगले साल पीजी की भी तैयारी
- 100 सीटों पर मिली कॉलेज को मान्यता, विभागाध्यक्षों के साथ कॉलेज का छात्रों ने किया भ्रमण

**अमृत विचार :** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं की कक्षाएं शुरु करा दी गई हैं। इसको लेकर डीएम संजय कुमार और प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने कॉलेज का शुभारंभ करते हुए आए छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। पहले दिन उन्हें चिकित्सा सेवा का पाठ पढ़ाया गया। गुरुवार से कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।

जिले में स्थापित किए गए मेडिकल कॉलेज को मान्यता मिलने के बाद यहां पर 100 सीटें एमबीबीएस की आवंटित की गई थी। जिनमें 94 छात्र-छात्राओं ने अब तक अपनी एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। कक्षाओं का संचालन शुरु करने से पहले बुधवार को कॉलेज का शुभारंभ कराया। मुख्य अतिथि डीएम संजय कुमार रहे। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने उनका स्वागत करते हुए कॉलेज में पढ़ाई के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली सुविधाओं से रुबरु कराया। डीएम ने प्राचार्य के साथ एकेडमिक भवन, लेक्चर हॉल, थियेटर, केंद्रीय पुस्तकालय, परीक्षा कक्ष, मेडिकल एजुकेशन यूनिट, डिमोस्ट्रेशन कक्ष आदि को चेक किया। इसके बाद हॉल में एकत्र हुए सभी एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को डीएम प्राचार्य समेत विभागध्यक्षों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। डीएम ने कहा कि एक चिकित्सक के लिए किसी भी रोग की डायग्नोसिस करना सबसे महत्वपूर्ण होता है, जिससे न केवल रोगी के उपचार में सहायता होती है, बल्कि रोगी को संतुष्टी मिलती है।

चिकित्सीय कार्य एक बहुत नाबेल कार्य है। आप समाज से जुड़ते है और हर व्यक्ति को आपकी जरूरत है। आप निश्चित रूप से संवेदनशील होकर अपना दायित्व समझकर कार्य करेगे। प्राचार्य ने कहा कि चिकित्सीय कार्य मानव सेवा है। मानव सेवा करने के भाव के साथ पढ़ाई करें। कॉलेज में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। आगे चलकर सभी छात्र-छात्राएं चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगे। साथ ही कॉलेज में उन्हें दी जाने वाली सभी सुविधाओं से रुबरु कराया। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने और अपने परिवारजनों के सपनों को साकार करें। छात्र-छात्राओं ने समस्त विभागध्यक्षों को अपना परिचय दिया। इसके बाद सभी कॉलेज का भ्रमण कराया गया। प्राचार्य ने बताया कि मेडिकल कॉलेज बनने के बाद चिकित्सीय सेवा में भी काफी बदलाव हुए हैं। जल्द ही 200 बेड का अतिरिक्त अस्पताल भी शुरु कर दिया जाएगा। वहीं बीएसएसी के छात्रों की पढ़ाई के लिए नर्सिंग कॉलेज भी प्रस्तावित है। जिसका काम तेजी से चल रहा है। इसके अलावा 100 बेड का क्रिटिकल यूनिट की स्थापना भी कराई जाएगी। अगले शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस के अतिरिक्त कई पैरामेडिकल कोर्स , डीएनबी पीजी कोर्स भी शुरु हो जाएंगे।

इस मौके पर सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर, सीएमस, डॉ.राजेश कुमार, सीएमएस डा.अरूण कुमार, डा. श्रेयशी बक्श, डॉ. शिखा सक्सेना, डा. दीपिका वर्मा, डा0 संजीव सक्सेना, डा. जगदंबा शरण, डॉ. विभुति गोयल, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. मुकेश पांडे, डॉ. सुमित सचान, डॉ. के एल गुप्ता, डॉ. स्नेह सुमन, डॉ. ज्योति त्रिवेदी,डॉ. प्रियंका सचान, डॉ. रीतिका, डॉ. मानसी, डॉ. कमलेश, डा. परीक्षित,डा. सतीश मौजूद रहे।

## एक नजर

### गाली देने का विरोध करने पर ग्रामीण को पीटा

**बरखेड़ा**। कोतवाली दियोरियाकलां के गांव रामनगर निवासी बबलू ने पुलिस को बताया कि 11 अगस्त को वह थाना बरखेड़ा के नगरा चौराहे पर थे। तभी गांव नगरा का गज्जू, सुमित अपने दो अन्य साथियों के साथ आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी गई। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्राली पलटी

**बरखेड़ा**। बुधवार सुबह पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर गांव पतरासा कुंवरपुर व नवादा महेश के बीच वाहन को ओवरटेक करते वक्त ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। हालांकि इसमें कोई घायल नहीं हुआ। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा रही।

### भतीजे ने चाचा को पीटा

**बीसलपुर**। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सफ़ोरा के प्यारेलाल पुत्र प्रेमराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भतीजा आए दिन नशे की हालत में अभद्रता करता है। मंगलवार रात को भी गाली गलौज करने लगा। जब विरोध किया तो उनकी पिटाई कर दी। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया।

# ब्रांडेड कंपनी के नाम पर एक्सपायर सीमेंट बेचने के धंधे का भंडाफोड़

## शहर से सटे बिलगवां रोड पर लंबे समय से चल रहा था सीमेंट का अवैध कारोबार, एसडीएम ने किया गोदाम सील

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहर से सटे बिलगंवा रोड पर विभिन्न कंपनियों का एक्सपायर सीमेंट बेचने का धंधा चल रहा था। ब्रांडेड कंपनी के नए कट्टों में एक्सपायर व गुणवत्ता हीन सीमेंट की बिक्री की जा रही थी। बुधवार को एसडीएम सदर ने छापा मारकर अवैध धंधे का भंडाफोड़ किया। व्यापारी के गोदाम में एक्सपायर सीमेंट के 1200 कट्टे रखे मिले। इस पर एसडीएम ने गोदाम सील कर दिया है। आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को सूचना दे दी गई है।

तहसील प्रशासन को पिछले कुछ दिनों से नकली सीमेंट बिकने की शिकायत मिल रही थी। शिकायत में बताया गया कि बिलगवां रोड स्थित मैसर्स श्री गिरिराज इंडस्ट्री में गुणवत्ता विहीन एक्सपायर सीमेंट ब्रांडेड कंपनी के नाम पर बेचा जा रहा है। एसडीएम सदर महिपाल सिंह ने मंगलवार को राजस्व, पुलिस और बांट माप विभाग की टीम के साथ मैसर्स श्री गिरिराज इंडस्ट्री के गोदाम पर छापा मारा। एसडीएम ने गोदाम खुलवाकर देखा तो अफसर हैरान रह गए। वहां एक तरह से नकली सीमेंट की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। देर रात तक टीम जांच पड़ताल करती रही। गोदाम में गुणवत्ताविहीन सीमेंट ब्रांडेड कंपनी के कट्टों में भरकर रखा गया था। गोदाम में नकली सीमेंट के करीब 1200 कट्टे रखे मिले। एसडीएम ने अपनी मौजूदगी में गोदाम सील करा दिया। हालांकि गोदाम मालिक मौके से निकल गया। प्रशासनिक अफसरों की मानें को जांच पड़ताल पूरी होने के बाद आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर, छापे का पता लगने पर फर्म संचालक को बचाने के लिए कुछ सफेदपोश मौके पर पहुंच गए। हालांकि अधिकारियों की सख्ती के आगे उनकी नहीं चली।


छापामारी के दौरान गोदाम के बाहर खड़ीं अफसरों की गाड़ियां। ● अमृत विचार


गोदाम के इसी कोने में छाना जाता था सीमेंट। ● अमृत विचार


धंधेबाज के गोदाम में रखे सीमेंट के कट्टे।

- एक्सपायर सीमेंट के 1200 और ब्रांडेड कंपनी के 250 कट्टे बरामद
- एक्सपायर सीमेंट बेचने का आरोपी धंधेबाज फरार

### कंपनी के एरिया मैनेजर और वाणिज्यकर विभाग के अधिकारी करेंगे मामले की पड़ताल

सीमेंट का गोदाम सील करने की कार्रवाई के बाद भी अभी एक्सपायर सीमेंट को ब्रांडेड बनाकर बेचने वाले धंधेबाज की मुश्किल कम नहीं हुई है। प्रशासनिक स्तर से तो मामले की जांच पड़ताल चल ही रही है। वहीं, जिन ब्रांडेड कंपनियों के पैकेट बरामद हुए हैं। उनके नाम पर ही एक्सपायर सीमेंट बेचने की बात निकलकर आई है। ऐसे में संबंधित कंपनी के एरिया मैनेजर को भी सूचना दे दी गई है। इसके अलावा वाणिज्यकर विभाग की टीम को भी सूचित किया गया है। ताकि वह भी आकर मामले की गहनता से जांच कर सकें।

### कम दामों पर बेचा जाता था एक्सपायर सीमेंट


गोदाम में मिले ब्रांडेड कंपनी के खाली नए बैग।

प्रशासन की शुरुआती जांच में सामने आया है कि फर्म संचालक द्वारा एक्सपायर सीमेंट को खरीदने के बाद उसे री-पैकिंग ब्रांडेड कंपनियों के सीमेंट के नाम वाले कट्टों में कर दिया जाता था। फिर इसकी सप्लाई की जाती थी। खरीदने वाले को पता ही नहीं रहता था कि सीमेंट एक्सपायर है। जांच में यह भी पता चला कि कई बार तो कंपनी के रेट से कुछ कम दाम में सीमेंट की बिक्री कर दी जाती थी। 250 ब्रांडेड कंपनी सीमेंट के पैकेट भी टीम को मौके पर मिले। अफसरों की मानें तो इन्हीं में एक्सपायर सीमेंट की री-पैकिंग की जाती थी। इतना ही नहीं एक्सपायर सीमेंट जम भी चुका था तो उसे श्रमिक लगाकर पिसाई कराकर बोरी में भरा जाता था।

### ग्राम पंचायतों व अन्य विभागों में भी होती थी सप्लाई

इस फर्म की ओर से कई दुकानों मेंमाल भेजा जाता था। ऐसे में माना जा रहा है कि काफी स्टॉक अन्य दुकानों पर भी हो सकता है। वहीं, जिनके मकान व अन्य प्रतिष्ठानों में निर्माण कार्य हुआ है। चूंकि जब एक्सपायर सीमेंट लगाया गया है तो गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ चुके हैं। ऐसे में अब उनको भी चिंता हो रही है। चर्चा ये भी तेज गई है कि कई ग्राम पंचायतों और अन्य विभागों में भी एक्सपायर सीमेंट की सप्लाई की जाती थी। हालांकि अभी इसकी कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बताते हैं कि सप्लाई से संबंधित अभिलेख फर्म संचालक के ही पास हैं। फिलहाल इसे लेकर भी जांच पड़ताल हुई तो मुश्किल और बढ़ेगी।

> बिलगवां रोड पर एक फर्म के गोदाम पर छापा मारा था। यहां पर एक्सपायर सीमेंट लाकर उसे ब्रांडेड कंपनी के नये रैपर में भरकर बेचा जाता था। व्यापारी के गोदाम में ब्रांडेड कंपनी के खाली रैपर भी मिले हैं। गोदाम सील कर दिया गया है। वाणिज्यकर विभाग और संबंधित कंपनी के एरिया मैनेजर को सूचना दे दी गई है।
> – **महिपाल सिंह**, एसडीएम सदर

# ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में रुचि नहीं ले रहे प्रधान, नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ब्लॉक मरौरी के बिठौराखुर्द का मामला सचिव की शिकायत पर डीएम ने लिया एक्शन

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत बिठौरा खुर्द के प्रधान हरजीत सिंह को डीएम संजय कुमार सिंह ने नोटिस जारी किया है। नोटिस प्राप्ति के सात दिन के भीतर साक्ष्य सहित जवाब जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में देना होगा। अगर जवाब प्रस्तुत नहीं किया तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

मरौरी ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत राज अधिकारी राकेश कुमार शर्मा ने प्रधान से संबंधित एक रिपोर्ट डीएम को भेजी थी। जिसमें बताया था कि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में प्रधान द्वारा कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है। पंचायत घर की मरम्मत होनी है। इसे लेकर 15 अक्टूबर को पुनः अवगत कराया गया कि पंचायत घर की रंगाई पुताई, कॉमन सर्विस सेंटर पर टाइल्स आदि का कार्य कराए गए।

इसके अलावा 26 सितंबर को पीएफएमएस के द्वारा अपने डोंगल से फर्मां व राजमिस्त्री, श्रमिकों के खातों में लगाया गया। लेकिन प्रधान ने अपना डोंगल सिर्फ केयर टेकर के मानदेय और हार्वेस्टिंग कार्य पर लगा दिया गया है। जबकि ये कार्य डीपीआरओ के स्तर से कराए गए थे। फिर भी डोंगल प्रधान द्वारा नहीं लगाया गया। ये भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में प्रधान निवास भी नहीं करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि आप द्वारा अपने पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों का भली प्रकार निर्वहन नहीं किया जा रहा है।

सचिव की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए ग्राम प्रधान से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जिसमें ये भी चेतावनी दी गई है कि क्यों न प्रधान के प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों पर प्रतिबंध लगाते हुए ग्राम पंचायत के विकास कार्य को तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी जाए। इसका सात दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। तय समय में जवाब न मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# किशोर ने बच्ची से की छेड़छाड़ रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचारः** एक किशोर ने सात वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ की। इसकी शिकायत करने पर किशोर के परिवार ने बच्ची के पिता से मारपीट की। पुलिस ने किशोर समेत दो लोगों को हिरासत में लिया है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में एक व्यक्ति ने बताया कि वह मंगलवार को पत्नी संग मोहल्ले में ही गए थे। घर पर उसकी सात साल की बच्ची मौजूद थी। इस बीच एक किशोर घर में घुस आया और बच्ची से छेड़छाड़ की। इसके बाद भाग गया। पिता ने बच्ची से घटना का पता चलने पर जब वह आरोपी के घर शिकायत करने गए तो किशोर के परिजन ने मारपीट की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# निर्माणाधीन फैक्ट्री के श्रमिक की अचानक मौत

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचारः** खमीर फैक्ट्री में पिछले कई माह से मजदूरी कर रहे फिरोजाबाद के श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लेबर कैंप से कार्य स्थल पर जाते वक्त उसकी मौत हुई। शव खेत में पड़ा होने पर ग्रामीणों ने सूचना दी। अमरिया पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

फिरोजाबाद जनपद के थाना मदसैना के ग्राम साडमई के रहने वाले कमल किशोर (47) मजदूरी करते थे। अमरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम भरा पचपेड़ा में खमीर फैक्ट्री बन रही है। जहां कमल किशोर मजदूरी कर रहे थे। कुछ ही दूरी पर श्रमिकों के रहने की व्यवस्था की गई है। कमल किशोर के साथ आए कई मजदूर वापस भी जा चुके थे। बुधवार सुबह वह लेबर कैंप से कार्य स्थल को जा रहे थे। मगर, रास्ते में अचानक उनकी मौत हो गई। बुजिया कॉलोनी के नीचे खाली पड़े खेत में कमल किशोर मृत पड़े मिले। इसका पता लगने पर कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा। बिरहनी चौकी प्रभारी जयदेव सिंह मौके पर पहुंच गए। कुछ लोगों का कहना था कि कमल किशोर चलते समय अचानक गिर गए, जिसके बाद नहीं उठे। इसकी सूचना कमल किशोर के परिवार को दी गई।


श्रमिक की मौत के बा मामले की जानकारी करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- लेबर कैंप से कार्यस्थल पर जाते वक्त अचानक हुई मौत, खेत में पड़ा मिला शव

### वाहन की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** टनकपुर हाईवे पर बुधवार सुबह वाहन की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत हो गई। न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मडरिया के रहने वाले 40 वर्षीय हीरालाल पुत्र रामस्वरूप राजमिस्त्री थे। मझोला से साइकिल से आते वक्त उलेहतापुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही उसे किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलने पर न्यूरिया इंस्पेक्टर अशोक पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। हालांकि तब तक राजमिस्त्री की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, हादसे की खबर मिलने के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

# सेवादार ने मंदिर की कीमती वस्तुएं गायब कीं

संवाददाता, दियोरियाकलां

- प्रबंधक ने दियोरियाकलां कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट
- महंत योगी शांतिनाथ के समय से मंदिर में तैनात था सेवादार

**अमृत विचारः** न्यूरानपुर शिव मंदिर के महंत योगी शांतिनाथ के देहावसान के समय मंदिर पर तैनात सेवादार ने अमूल्य वस्तुएं गायब कर दी। नवनियुक्त महंत योगी हनुमान नाथ ने पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव न्यूरानपुर स्थित शिव मंदिर आश्रम के नवनियुक्त महंत हनुमान नाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शिव मंदिर पर योगी शांतिनाथ विराजमान थे।

जिनका देहावसान आठ अक्टूबर को हो गया था। मंदिर की साफ-सफाई के लिए एक अक्टूबर से मंदिर की सेवा कर रहे अरुण पांडे पुत्र मोहन पांडे ने योगी शांतिनाथ की अमूल्य वस्तुएं गायब कर दी। जिसमें स्वर्ण जड़ित रुद्राक्ष माला, पुखराज माला, चार सोने की अंगूठी, चांदी की माला, मोतियों की माला, 30 हजार रुपये, पूजा का सामान, तलवार,गदा आदि थे। कोतवाल प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि न्यूरानपुर शिव मंदिर आश्रम के प्रबंधक द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# करंट लगने से छात्रा की मौत

**पूरनपुर, अमृत विचारः** मोबाइल चार्ज कर रही एक छात्रा की करंट लगने से मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना घुंघचाई क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा थी। मंगलवार को छात्रा अपने घर में लगे बिजली बोर्ड में मोबाइल चार्जिंग पर लगा रही थी। इस दौरान उसका हाथ पास में लगी केबल से छू गया। जिसमें करंट आ रहा था। इससे छात्रा को करंट लग गया। उसके अचेत होने पर परिजनों को जानकारी लगी। कुछ देर बाद ही छात्रा की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मोबाइल की बैट्री फटने और करंट लगने की घटनाएं पहले भी होती रही हैं।

# घोटाले की अंतिम जांच को कमेटी गठित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम ने चार बिंदुओं पर जारी किए निर्देश, मांगी स्पष्ट आख्या
- तीन दिन में जांच से जुड़े अभिलेख मुहैया कराएंगे बीडीओ

**अमृत विचारः** रसायाखानपुर में विकास कार्यो में हुए घोटाले में प्रधान व सचिव को दोषी पाते हुए डीएम ने अब मामले में अंतिम जांच कराने को अधिकारियों की कमेटी गठित कर दी है। उसे चार बिंदुओं पर जांच कर जल्द स्पष्ट आख्या देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बीढीओ को भी निर्देश दिए हैं कि जांच कमेटी में शामिल अधिकारियों को जांच से जुड़े अभिलेख तीन दिन में मुहैया कराए जाएं।

बीसलपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत रसाया खानपुर के कैसर हुसैन ने शपथ पत्र के साथ डीएम से शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि ग्राम पंचायत में सोलर लाइट, फर्नीचर आदि तमाम विकास कार्य में फर्जीवाड़ा किया गया है। तीन जनवरी को मामले की प्रारंभिक जांच के आदेश दिए गए। जिला गन्ना अधिकारी, शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता को जांच दी गई। प्रधान-सचिव को उस वक्त नोटिस जारी किया गया था। जवाब मिलने के बाद प्रधान सचिव को दोषी पाया गया था।

जिसमें इंटरलॉकिंग कार्य फर्जी दर्शाकर लाखों की धनराशि का गबन पाया गया था। स्थलीय जांच में 302952 रुपये का अनुचित भुगतान करने की पुष्टि हुई थी। इस मामले में अब डीएम ने प्रधान को दोषी पाते हुए आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें अंतिम जांच परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड को दी है। पंद्रह दिन में जांच पूरी करनी होगी।

बीडीओ बीसलपुर जांच से संबंधित समस्त अभिलेख नामित अंतिम जांच अधिकारियों को तीन दिन में देंगे। गांव के ही जूनियर व प्राथमिक विद्यालय में ग्राम पंचायत क्षरा कराए गए वाटर हार्वेस्टिंग के क्षतिग्रस्त पाइपों की मरम्मत 15 दिन के भीतर कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा आरसीसी रोड निर्माण में घटिया क्वालिटी का सीमेंट संबंधी बिंदु की प्रारंभिक जांच समिति की जांच आख्या अपूर्ण मानते हुए गठित अधिकारियों को जांच कर स्पष्ट आख्या मांगी है।

# पूरनपुर में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तेज

संवाददाता, पूरनपुर

- पहले चरण में 450 मीटर लगाने का लक्ष्य पूरा

**अमृत विचारः** समस्त उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। पॉवर कॉरपोरेशन ने कस्बे में 450 से अधिक मीटर घरेलू उपभोक्ता और सरकारी कार्यालयों पर लगा भी दिए हैं। बिल के लिए अब मीटर रीडर का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

बिजली के घरेलू उपभोक्ताओं के मीटर भी स्मार्ट होने वाले हैं। कस्बे में कार्यदायी संस्था पुराने मीटर के स्थान पर नए स्मार्ट मीटर लगा रही है। हालांकि शुरुआत में कई स्थानों पर उपभोक्ताओं ने इसका विरोध भी किया। उसके बाद मान गए। कस्बे में संस्था की ओर से 450 स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों में भी 33 मीटर लग चुके हैं। इन मीटरों में ही उपभोक्ताओं का पूरा डाटा फीड रहेगा। एक महीने की बिजली खर्च करने के बाद उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ही बिल का मैसेज पहुंच जाएगा। उपभोक्ता घर बैठकर भी बिल का भुगतान कर सकते हैं। भविष्य में इन मीटरों के प्रीपेड मीटरों में बदला जा सकता है। उसके बाद रिचार्ज करने पर ही उपभोक्ता बिजली का उपभोग कर सकेंगे। जेई कुलदीप ने बताया कि निजी संस्था को स्मार्ट मीटर लगाने का काम सौंपा गया है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। 90 हजार उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

# दुर्घटना के हैं तीन आधार... नशा, नींद और तेज रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** परिवहन विभाग की ओर से मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़े का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन कराने की अपील की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई लोगों को पुरस्कृत किया गया।

गांधी प्रेश्रागृह में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल रही। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सतर्क रहने की आवश्यकता है। दुर्घटना के मुख्य तीन आधार नशा, नींद और तेज रफ्तार हैं। ऐसे में वाहन चलाते वक्त सावधानी बरतें। कहा कि परिवहन विभाग जिस उद्देश्य के लिए यह पखवाड़ा मनाया जा रहा है, उस उद्देश्य की पूर्ति आज के इस आयोजन में दृष्टिगत हो रही है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति इस बात का द्योतक है कि युवा पीढ़ी नियमों के प्रति जागरूक हो रही है। जागरूकता अभियान के परिणाम से जोड़कर कहा कि यही वजह है कि जनपद में अब सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों को गड्ढामुक्त कराया जाएगा। सड़कों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

एआरटीओ वीरेन्द्र सिंह ने सड़क सुरक्षा पखवाडे की आख्या प्रस्तुत की। बताया कि जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाए जाने से दुर्घटनाओं में पांच प्रतिशत की कमी आई है। स्कूल के बच्चों से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों से भी कराने की अपील की गई।

इस मौके पर सीओ यातायात विधिभूषण मौर्य, डीआईओएस डॉ. अचल कुमार मिश्र, उपाधि महाविद्यालय के डॉ. प्रणव शास्त्री, अनिल महेन्द्रू, डॉ.आरपी गंगवार ने भी विचार व्यक्त किए। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के अर्पित सिंह, रामलुभाई साहनी महिला महाविद्यालय की रिया गंगवार, ड्रमण्ड राजकीय इंटर कॉलेज आकर्ष शर्मा, उपाधि महाविद्यालय के गौरव पासवान, रौनक तिवारी, डिवाइन कॉलेज की मानसी कश्यप, हाफिज रहमत इंटर कालेज के अनमोल पाल ने सड़क सुरक्षा पर विचार रखे।



सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन समारोह में बोलतीं चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

- सड़क सुरक्षा के प्रति हर व्यक्ति को सतर्क रहने की जरूरत

### ये किए गए पुरस्कृत

सड़क सुरक्षा पखवाड़े में उल्लेखनीय योगदान करने के लिए यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षी रविंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी शैंकी शर्मा, एसएन इंटर कालेज के डॉ. जावेद अहमद, इंतजार खान, हाफिज रहमत खां इंटर कालेज के प्रधानाचार्य फिरोज अहमद, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुमन देवी, उपाधि महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रणव शास्त्री, डा. अभिताभ अग्निहोत्री को मुख्य अतिथि ने स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पत्नी से विवाद के बाद व्यापारी लापता गुमशुदगी दर्ज

**पूरनपुर, अमृत विचारः** मोबाइल चलाने को लेकर सर्राफा व्यापारी का पत्नी से विवाद हो गया। उसके बाद घर से निकला और लापता हो गया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। नगर के मोहल्ला साहूकारा के रहने वाले सुरेश चंद्र वर्मा सर्राफा व्यापारी हैं।

उनकी कलीनगर में दुकान है। उनका बेटा राजू वर्मा भी पिता के साथ सर्राफा दुकान पर बैठता है। मंगलवार सुबह राजू का पत्नी से मोबाइल चलाने को लेकर झगड़ा हो गया। उसके बाद दोनों में मारपीट हुई। राजू ने अपने पिता को घर बुलाकर झगड़े के बारे में बताया। उसके बाद वह घर से चले गए और तब से ही लापता है। मोबाइल भी घर पर ही है। घर न लौटने से परिजन परेशान हुए और तलाश की। मगर कुछ पता नहीं चल सका। पिता सुरेशचंद्र वर्मा ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

# समाज के विकास में वकीलों का बड़ा योगदान

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य अजय कुमार शुक्ला ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर अधिवक्ताओं से संपर्क किया। अधिवक्ताओं संग बैठक की। अधिवक्ताओं ने उनका दोशाला ओढ़ाकर एवं बांसुरी भेंट कर सम्मान किया।

पूर्व बार काउंसिल अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि समाज के कमजोर लोगों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिवक्ताओं पर आए दिन हमले हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता संरक्षण कानून तत्काल लागू करे। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारियों की जवाबदेही एवं पारदर्शिता के लिए प्रदेश के सभी न्यायालयों में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। प्रदेश के अधिवक्ताओं को वकालत करने के लिए सरकार की ओर से पक्के चैंबर उपलब्ध कराए जाएं। देश की आजादी से लेकर अब तक समाज के विकास में अधिवक्ताओं का अमूल्य योगदान रहा है। इसलिए उत्तर प्रदेश की विधान परिषद में और देश की संसद में अधिवक्ताओं को विधान परिषद सदस्य एवं राज्यसभा का सदस्य नामित किया जाए। प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं को सामूहिक बीमा योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई योजनाओं से अधिवक्ताओं को वंचित कर रखा है। किसान सम्मान निधि भी उन किसानों को नहीं मिल रही है जो कृषि के साथ वकालत कर रहे हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और समुचित समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, महासचिव आनंद मिश्रा एडवोकेट ,विवेक अवस्थी, डॉ. जीएल वर्मा, विवेक पांडे, अशोक बाजपेई, बाबूराम शर्मा ,तेज सिंह वर्मा, विद्याराम वर्मा,सैयद हैदर जाफरी,अशोक शर्मा,संजीव दुबे,सत्य पाल गौतम,महेंद्र मिश्रा, कुलदीप सक्सेना, सोनिका गंगवार, अमित मिश्रा,निशांत सिंह, हेमंत मिश्रा,राम सिंह गंगवार,अशोक पाठक,राजीव त्रिपाठी, जय प्रकाश वर्मा,देव दत्त आर्य,अमित रस्तोगी,गिरजा शंकर आदि रहे।


बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष का स्वागत करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष पहुंचे पीलीभीत, अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

# यूपी बोर्ड से मोहभंग...घट रही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में छात्रों की संख्या

## शैक्षिक सत्र 2024 -25 में हाईस्कूल में 2210 बच्चे हो गए कम, इंटरमीडिएट में महज दस बढ़े, राजकीय कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को माना जा रहा वजह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड के प्रति छात्र-छात्राओं को रुझान कम होता जा रहा है। लगातार कई सालों से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में परीक्षार्थियों की संख्या दिन पर दिन घटती जा रही है। इसके पीछे माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में शिक्षकों की कमी को वजह माना जा रहा है। हालांकि विभागीय जिम्मेदार इस बात को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। उनका तर्क है कि यूपी बोर्ड में सख्ती हो गई है। पहले बाहरी प्रदेशों से आकर लोग एडमिशन कराकर फर्जीवाड़ा करते थे। सख्ती के बाद यह सब बंद हो गया है। मगर स्कूलों में पढ़ने वाले शिक्षकों की मानें तो छात्र-छात्राएं यूपी से ज्यादा सीबीएसई बोर्ड को वरीयता दे रहे हैं। इस बार भी माध्यमिक शिक्षा विभाग में हाईस्कूल में 2210 बच्चे घट गए हैं। सिर्फ इस बार इंटर में 10 बच्चे ही अतिरिक्त मिले हैं। जो पिछले सालों की तुलना बेहद कम है।

जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत 189 कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इसमें 35 राजकीय, 22 एडेड और 132 वित्तविहीन कॉलेज हैं। जहां कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद नए शैक्षिक सत्र 2024-25 की तैयारियां शुरु कर दी गई थी। सभी कॉलेजों ने एडमिशन प्रक्रिया को चालू किया गया था। फरवरी-मार्च में संभावित बोर्ड परीक्षा के लिए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं की तस्वीर साफ होने लगी है। यूपी बोर्ड में हाईस्कूल के 22,760 और इंटरमीडिएट में 19,820 छात्र-छात्राओं ने जिले में अब तक पंजीयन कराया है। विद्यार्थियों के आवेदन के लिए बोर्ड ने 20 अगस्त अंतिम तिथि निर्धारित की थी। लेकिन इसके बाद भी कोई नए छात्र-छात्रा ने आवेदन नहीं किया। बल्कि और छात्र-छात्राएं कम हो गए। जबकि बीते वर्ष जिले में हाईस्कूल के 24970 और इंटरमीडिएट के 19810 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। जिन्होंने परीक्षा दी थी। ऐसे में अगर पिछले साल के रिकॉर्ड से मिलान किया जाए। तो हाईस्कूल में 2210 छात्र-छात्राएं घट गए है। तो वहीं इंटर में सिर्फ 10 छात्रों की बढ़ोत्तरी का आकलन किया गया है। डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिए थे लेकिन इसके बाद भी पंजीयन नहीं बढ़ सका। वहीं अभिभावकों व छात्रों का सरकारी विद्यालयों के प्रति मोह भंग हो रहा है। वह लगातार अपना रुख निजी स्कूलों की ओर कर रहे हैं। ऐसे में सीबीएसई बोर्ड में बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

### हाईस्कूल में 1491 बालक, 719 बालिकाएं हुईं कम

इस बार बोर्ड परीक्षा में सबसे कम संख्या बालकों की हुई है। आंकड़ों के अनुसार इस शैक्षिक सत्र में 12762 बालकों ने पंजीकरण कराया है। जबकि पिछले साल 14253 बालकों ने पंजीकरण कराकर परीक्षा में प्रतिभाग किया था। जोकि इस बार 1491 कम हो गए। इसी तरह हाईस्कूल बालिका वर्ग में पिछली बार 10717 ने परीक्षा दी थी। मगर इस बार यह संख्या 9998 में ही तब्दील हो गई है। इनमें संस्थागत बालक की संख्या 14070 है। वहीं प्राइवेट के माध्यम से 183 शामिल रहे थे। जोकि अब संस्थागत में 12628 और व्यक्तिगत में 134 ही बालक रह गए हैं। इसी तरह बालिका वर्ग हाईस्कूल में संस्थागत 10633 और 84 व्यक्तिगत थे। इस बार 9926 संस्थागत और 72 व्यक्ति तौर पर आवेदन किया है।

### इंटर में 145 बालिकाओं की बढ़ी संख्या

यूपी बोर्ड में इंटरमीडिएट में इस बार 145 बालिकाओं की संख्या बढ़ी है। इस बार 8607 बालिकाएं पंजीकृत हैं। जबकि 8462 पंजीकृत थे। ऐसे में पिछले साल की तुलना 145 बालिकाओं ने यूपी बोर्ड पर भरोसा जताते हुए अपना पंजीकरण कराया है। इसी तरह इंटर बालक वर्ग में इस बार 11213 बालक पंजीकृत है। जबकि पिछले 11348 पंजीकृत थे। ऐसे में यहां पर 135 बालकों की संख्या घट गई है। पिछले शैक्षिक सत्र मे संस्थागत बालक वर्ग में 10177 और 1171 व्यक्तिगत पंजीकृत थे। जोकि इस बार 10,503 संस्थागत और 710 व्यक्तिगत बालक शामिल है। इसी तरह बालिका वर्ग में 7743 संस्थागत और 719 व्यक्तिगत बालिका शामिल रही थी। इस बारसंस्थागत में 8183 और 424 व्यक्तिगत बालिका पंजीकृत हैं।

### घट रहा सरकारी विद्यालयों के प्रति रुझान

कई राजकीय इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों ने बताया कि तमाम प्रयासों के बाद भी विद्यालयों में छात्रों का पंजीयन बढ़ाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अभिभावक व छात्रों का मोह सरकारी कॉलेजों से भंग सा हो रहा है। कई बार प्रयास करने के बाद भी अभिभावक अन्य बोर्डों के प्राइवेट विद्यालयों में बच्चों को प्रवेश दिला रहे हैं। अभिभावकों का मानना है कि माध्यमिक शिक्षा के स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमी बनी हुई है। सिर्फ बच्चे परीक्षा में ही तैयारी करते हैं। ऐसे में यह उचित नहीं है।

यूपी बोर्ड में सख्ती के चलते संख्या घट रही है। पहले की तुलना बोर्ड में काफी बदलाव आए हैं। अब प्रमाणिकता के बाद ही एडमिशन किए जा रहे हैं। अब बोर्ड में बाहरी लोग एडमिशन नहीं ले रहे हैं। शिक्षकों की कमी है। यह बात सही है, लेकिन शिक्षकों की कमी से बच्चों की संख्या नहीं घट रही है। शिक्षकों की कमी को लेकर शासन में पत्राचार किया जा रहा है। - **डॉ. अचल कुमार मिश्र**, डीआईओएस

# फोटो वायरल होने पर लेखपाल ने पत्नी को मायके में छोड़ा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री की शादी जून 2024 में हुई थी। उसका पति लेखपाल है। मायके में पड़ोस के रहने वाले युवक ने उसके घर में विवाद कराने के लिए बेटी के फोटो मोबाइल से एडिट कर लिए। इसके बाद अपनी पत्नी से फोटो पीड़ित की बेटी के मोबाइल पर भिजवा दिए। जिसके बाद लेखपाल पति ने पत्नी के फोटो दूसरे युवक के साथ देखकर नाराजगी जताई और फिर उनकी बेटी को मायके में छोड़ गया। जानकारी लगने पर विवाहिता के मायके वाले भी दंग रह गए। आरोप है कि शादी से पहले पड़ोसी युवक उनकी बेटी को परेशान करता था। विवाहिता अपने मायके में रह रही है। पति ने उसे ले जाने से इनकार कर दिया है।

# एएसपी ने घुंघचिहाई थाने का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



घुंघचिहाई थाने का निरीक्षण करते एएसपी वीरेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आगामी त्योहारों को लेकर सतर्क रहने को कहा

**अमृत विचारः** अपर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बुधवार को घुंघचिहाई थाने का निरीक्षण किया। परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था देखी। इसके बाद कार्यालय, महिला/साइबर हेल्प डेस्क, हवालात, वायरलैस रूम, बैरक में गए। वहां पर मौजूद पुलिस कर्मियों से ड्यूटी से संबंधित सवाल जवाब किए। थानाध्यक्ष घुंघचाई विशेष कुमार से लंबित विवेचनाओं के बारे में जानकारी की। इसके अलावा क्षेत्र के अपराध और उन पर हुई कार्रवाई के बारे में जाना। इसके बाद त्योहारों को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। कार्यालय में अभिलेखों के रखरखाव व साफ सफाई को लेकर भी निर्देशित किया गया।

# रामलीला : राम राज बैठे त्रैलोका, हर्षित भए गए सब सोका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 139वां रामलीला महोत्सव संपन्न, अंतिम दिन जुटी भीड़
- राजसूय यज्ञ, ब्राह्मण भोज स्वरूपों की विदाई के बाद भंडारा

**अमृत विचारः** श्रीरामलीला महोत्सव संचालन समिति की ओर से आयोजित किया जा रहा 139वां रामलीला महोत्सव संपन्न हुआ। अंतिम दिन स्थानीय परमठ मंदिर में राजसूय यज्ञ, ब्राह्मण भोज, स्वरूपों की विदाई और फिर भंडारा हुआ। बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्रीराम के जयकारे लगाए गए। हनुमान द्वारा सीना चीरकर श्री राम सीता की तस्वीर दिखाने की लीला सभी का मन मोह ले गई।

शहर के परमठ मंदिर से श्रीरामलीला महोत्सव की शुरुआत की गई थी। शुरुआती दिनों में लीलाएं परमठ मंदिर में चली और फिर चार अक्टूबर से मेला रामलीला मैदान में शिफ्ट कर दिया गया था। रावण वध के बाद से वापस मेला परमठ मंदिर में आ गया था। यहीं पर कलाकारों की ओर से लीलाओं का मनमोहक मंचन किया जा रहा था। कलाकारों ने श्रीराम राज्याभिषेक की लीला का मनमोहक मंचन किया था। इस दौरान हनुमान का स्वरुप बने कलाकार ने सीना चीरकर श्रीराम सीता की तस्वीर हृदय में होने की लीला दिखाई तो सभी भक्त भावविभोर हो उठे। बुधवार को प्रभुराम ने राजसूय यज्ञ किया। राम राज बैठे त्रैलोका, हर्षित भए गए सब शोका, दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज नहि काहुहि ब्यापा.. की पंक्तियां गूंजी। ये संदेश दिया गया कि प्रभु राम के राज्य में कोई भी व्यथित नहीं है। महंत ओमकारनाथ ने वेद मंत्रोच्चार पूर्ण यज्ञ संपन्न कराया। विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात सभी स्वरूपों को दक्षिणा देकर विदाई की गई। इस मौके पर सुनील मिश्रा, डा. शैलेंद्र नाथ मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, रमाकांत पांडेय, नरेश शुक्ला, आयुष सक्सेना, केशव सक्सेना, भानु प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, अमिताभ त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, अंकुर गुप्ता, संजीव शर्मा, अवनीश शर्मा, अंशुमान मिश्र, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, संजय पांडेय, अंकुर मिश्रा, निशांत तिवारी, सोमनाथ सप्रे, सुधीर पाल सिंह, महेंद्र गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, विश्वास प्रकाश सक्सेना, प्रदीप शर्मा, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।



मंचन के दौरान सीना चीर कर प्रभु राम के दर्शन कराते हनुमान। ● अमृत विचार

### बीसलपुर रामलीला में श्रीराम का राज्याभिषेक



**बीसलपुर, अमृत विचार** : नगर में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला मेले में भगवान राम का राज्याभिषेक व सुग्रीव विभीषण व वानरों की विदाई लीला का सुंदर मंचन पात्रों ने प्रस्तुत किया। श्रीराम के जयकारे से मेला मैदान गूंज उठा। लीला का मंचन करने वाले पात्रों पर पुष्प वर्षा की गई। रामलीला मेला मैदान में भगवान राम का राज्याभिषेक व सुग्रीव, विभीषण और वानरों की विदाई लीला का मंचन हुआ। प्रथम दृश्य में हनुमान अयोध्या पहुंचकर भरत को सूचना देते हैं कि प्रभु राम, माता सीता व लक्ष्मण के साथ अयोध्या पधार रहे हैं। सूचना पर पूरी अयोध्या नगरी में खुशी की लहर दौड़ जाती है। पुष्पक विमान से आने पर प्रभु राम का भव्य स्वागत होता है। प्रभु राम का राज्याभिषेक धूमधाम से किया जाता है। देवता आकाश मार्ग से भगवान राम पर पुष्प वर्षा करते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम विभीषण, सुग्रीव व अन्य वानरों को विदाई देते हैं। विदाई लेते समय अंगद व अन्य वानर रोने लगते हैं। प्रभु राम से अपने शरण में रखने की अनुनय विनय करते हैं। प्रभु राम उन्हें समझा कर विदाई देते हैं। लीला का संचालन लीला प्रबंधक गोपाल कृष्ण अग्रवाल, मनोज त्रिपाठी उर्फ मीनू ने किया। व्यवस्था में सभापति गंगाधर दुबे, उपसभापति विष्णु कुमार गोयल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विपिन कुमार पांडेय, महेशचंद्र अग्रवाल, रामबहादुर गुप्ता, अभय मित्तल, मोहित मित्तल, सचिन अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।



## एक नजर

### जुआ खेलते दो आरोपी गिरफ्तार

फरधान अमृत विचार : एसओ राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव मिठनाबोझी के पास एक गन्ने के खेत में छापा मारा। इस दौरान फड डाल कर जुआं खेल रहे थाना फूलबेहड़ के गांव अग्गर खुर्द निवासी सरताज अली, थाना खीरी के गांव महदिया निवासी मिथुन और थाना फरधान के गांव मिठनाबोझी निवासी मासूम अली निवासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1240 रुपये की नगदी बरामद की है।

### सांड के हमले में घायल किसान की मौत

चपरतला, अमृत विचार : मैगलगंज थाना क्षेत्र के जमुनिया रना गांव निवासी वासुदेव (70) अपने खेत में मूंगफली उखाड़ रहे थे। उसी समय अचानक सांड आ गया और उन पर हमलावर हो गया। उसने कई बार उन्हें उठाकर पटक दिया, जिससे उनके शरीर पर गहरे घाव हो गए। सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। उन्हें गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टर ने किसान वासुदेव को मृत घोषित कर दिया। इससे किसान के घर में चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों में छुट्टा घूम रहे पशुओं को लेकर भय का माहौल है।

# उच्चीकृत होंगे 10 विद्यालय ,पढ़ें बेटियां-बढ़ें बेटियां को लगेंगे पंख

## छह पूर्व माध्यमिक स्कूल होंगे हाईस्कूल व चार हाईस्कूल होंगे इंटर तक, शासन ने जारी की धनराशि

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले के छह पूर्व माध्यमिक विद्यालय और चार राजकीय हाईस्कूल की छात्राएं आगे की पढ़ाई अब अपने ही विद्यालय से कर सकेंगी, क्योंकि शासन ने इन स्कूलों को उच्चीकृत करने का निर्णय लेकर धनराशि भी जारी कर दी है। इससे पूर्व माध्यमिक स्कूलों को हाईस्कूल और राजकीय हाईस्कूलों को इंटरमीडिएट किया जाएगा।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय नौसर गुलरिया, मालपुर, सहजना, चखरा, जमकोहना एवं बौधिकला के बच्चे अपने ही स्कूल से कक्षा नौ व दस और राजकीय हाईस्कूल सरपतहा, खैरीगढ़, तिकोना फार्म एवं विशेनपुरी के बच्चे अपने ही विद्यालय से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा पा सकेंगे। इन विद्यालयों के उच्चीकृत होने से बेटियों की शिक्षा को पंख लगेंगे, क्योंकि इन स्कूलों से आठवीं व दसवीं की पढ़ाई करने के बाद हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने के लिए दूर दराज स्थित स्कूलों तक न जाने पाने के कारण तमाम छात्राएं घर बैठने के लिए मजबूर होती थीं। मगर, अब छात्राएं गांव में ही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई कर सकेंगी। इससे बेटियों को जहां पढ़ने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा तो वहीं शासन की पढ़े बेटियां-बढ़े बेटियां योजना को भी पंख लगेंगे।



राजकीय हाईस्कूल खैरीगढ़। ● अमृत विचार


राजकीय स्कूल में पढ़ाई करती छात्राएं। ● अमृत विचार

> जिले के चार राजकीय हाईस्कूलों को इंटरमीडिएट और छह पूर्व माध्यमिक स्कूलों को हाईस्कूल होंगे। इसके लिए शासन से धनराशि जारी कर दी गई है। **- डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह,** डीआईओएस



> विद्यालय में करीब 193 छात्र छात्राएं हैं। इनमें 98 छात्र और 95 छात्राएं हैं। हाईस्कूल के बाद इंटरमीडिएट के लिए बच्चों को सिंगाही या फिर निघासन स्थित इंटर कॉलेज में प्रवेश लेना पड़ता था। इससे सबसे ज्यादा दिक्कत छात्राओं को होती थी। मगर, अब छात्रों को अपने विद्यालय में ही इंटर तक की पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। **- गौरव सक्सेना,** प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल खैरीगढ़

### खैरीगढ़ से 22 किलोमीटर दूर है इंटरमीडिएट कॉलेज

जिन स्कूलों को आठवीं से हाईस्कूल और दसवीं से बारहवीं तक उच्चीकृत करने के लिए चयनित किया गया है, उनसे आगे की पढ़ाई के लिए विद्यालय काफी दूर हैं। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्कूल की गांव से दूरी काफी होने के कारण अधिकतर बेटियां घर पर बैठने के लिए मजबूर हो जाती थीं। मगर, अब बेटियां गांव में ही दसवीं और बारहवीं तक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। बता दें कि राजकीय हाईस्कूल खैरीगढ़ से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इंटरमीडिएट के लिए छात्राओं को दस किलोमीटर दूर सिंगाही या फिर 22 किलोमीटर दूर निघासन जाकर प्रवेश लेना पड़ता था।

### आवंटित धन

- हाईस्कूल के लिए जारी प्रति विद्यालय धनराशि– 132.7 लाख
- इंटरमीडिएट के लिए जारी प्रति विद्यालय धनराशि –173.15 लाख

### यह विद्यालय होंगे इंटरमीडिएट

- राजकीय हाईस्कूल सरपतहा ईसानगर
- राजकीय हाईस्कूल खैरीगढ़ निघासन
- राजकीय हाईस्कूल तिकोनाफार्म पलिया
- राजकीय हाईस्कूल विशेनपुरी पलिया

### यह विद्यालय होंगे हाईस्कूल

- पूर्व माध्यमिक विद्यालय नौसर गुलरिया बिजुआ
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय मालपुर बिजुआ
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय सहजना मोहम्मदी
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय चखरा निघासन
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय बौधियाकला निघासन
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमकोहना नकहा

### कंपाइन से दबकर 10 वर्षीय बच्चे की मौत

उचौलिया, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम किरियारा में कंपाइन मशीन से एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। गांव में एक खेत में धान की कटाई के लिए कंपाइन आई थी। उस खेत में एक ट्रैक्टर भी था। गांव के सकीम का पुत्र निहाल (10) खेत में था। बुधवार की शाम करीब पांच बजे उसकी कंपाइन से कुचलने से मौत हो गई। घटना के समय कोई चश्मदीद नहीं था। कंपाइन चलाने वाला कंपाइन छोड़कर भाग गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। छह भाई बहनों में निहाल की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। कंपाइन मोहम्मदी क्षेत्र की बताई गई है।

### गोल्डन फ्लावर के छात्रों ने लखनऊ टीम को हराया

खुटार, अमृत विचार : प्रदेश के कई स्थानों से आए छात्रों ने लखनऊ के एक स्कूल में हुए वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। इस आयोजित प्रतियोगिता में खुटार के गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भी भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया है। विजेता टीम के वापस लौटने पर स्कूल के प्रबंधक हरदेव सिंह ने उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रबंधक हरदेव सिंह ने बताया कि लखनऊ के विलीबर क्रिकेट अकादमी में पेसिफिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन सातवां ओपन स्टेट कप लखनऊ में वॉलीबॉल मैच का आयोजन 15 अक्टूबर को किया गया था।

## सार-संक्षेप

### दशहरा मेला में रामचरित मानस का व्याख्यान



लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : दशहरा मेले के सांस्कृतिक मंच पर मंगलवार रात रामायण संगोष्ठी हुई। शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलश पूजन कर किया। इसमे सतीश कुमार आदि ने प्रभु श्री राम के आदर्शों पर प्रकाश डाला। रामायण संगोष्ठी के पहले दिन नवल किशोर शास्त्री ने श्री रामचरित मानस के पठन-पाठन पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सनातन समाज का विघटन रोकने के लिए सभी सनातनियों को श्रीराम चरितमानस का अनुसरण करना होगा। सनातन समाज के विघटित होने का कारण लोगों का रामचरितमानस के आदर्शों से दूर होना हैं। जबकु गोस्वामी तुलसीदास का यह ग्रन्थ सनातनी संस्कृति के लिए वरदान है। पंडित प्रदीप महाराज ने प्रभु श्री राम के आदर्शों की जानकारी देते हुए वन गमन का वर्णन किया।उन्होंने कहा निशिचर हीन करहुं महि ,यानी राक्षसों का संहार अवश्य था ।इसलिए भगवान राम ने जन्म लिया। शिवकुमार शास्त्री ने भजन प्रस्तुत कर केवट और शबरी प्रसंग सुनाया।कुलदीप तिवारी ने कहा कि नवधा भक्ति के माध्यम से भगवान कहते हैं की प्रथम भगति संतन कर संगा, दूसरि रत मम कथा प्रसंगा...यानि सबसे पहली भक्ति संतों का साथ है जब तक संतों का संग नहीं होगा, तब तक विवेक जागृत नहीं होगा और भगवान की भक्ति नहीं मिलेगी। एसडीएम सदर अश्विनी कुमार, ईओ संजय कुमार, पालिका अध्यक्ष डा.इरा श्रीवास्तव, अवर अभियंता अमरदीप मौर्य, देवाशीष मुखर्जी, प्रहलाद सिंह समेत तमाम लीग मौजूद रहे।

### कथा में शिव महापुराण सुनने के बताए लाभ



संवाददाता पसगवां,अमृत विचार : राघवेंद्र कल्याण मंडप में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में कथा व्यास शैवाचार्य प्रशांत प्रभु महाराज ने श्रद्धालुओं को शिव की महिमा का विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने कहा कि स्त्रियों को भी नौ मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए ।सूत जी महाराज ने समस्त देवताओं की वंदना करने के उपरांत भगवान शिव के चरित्र को सोनक आदि ऋषियों के सम्मुख कहना प्रारंभ किया। देवदत्त ने अकारण ही शिव पुराण महाकथा सुन ली जिसे जीवन भर जो पाप, दुष्चरित्र , कुमार्ग पर चला ।उसने अनिच्छा पूर्वक भगवान शिव की कथा सुन ली। कथा के प्रभाव से ही जब उसे मृत्यु आयी तब उसे शिव के गण शिव के पावन शिव लोक धाम ले गए ।सूत जी महाराज ने कहा समुद्र क्षेत्र के दक्षिण भाग में एक चंचले नाम की ब्राह्मणी निवास करती थी ।उसके पति के सनातन धर्म और कुल की परंपरा का त्याग करके घोर अनाचार और पाप कर्म करना प्रारंभ कर दिया ।गलत संगति में पड़कर शराब के नशे में घर पहुंचने लगा तथा पत्नी के साथ मारपीट आदि करने लगा ।एक दिन अधिक धन के लालच में अपनी पत्नी चंचल को देह व्यापार करने पर मजबूर कर दिया ।पति के दबाव में उसने ऐसा कुकृत्य करना शुरू कर दिया लेकिन बाद में स्वेच्छा से करने लगी ।अधिक भोग विलास में पड़ने से उसके पति को गम्भीर रोगों ने जकड़ लिया ।चंचले अपने पति के अत्यधिक पीड़ा व दुख न सहन कर सकी और इसके निदान के लिए शिव धाम काशी पहुंच गयी। उसने अपने पापों का पश्च्याताप करते हुए पति के साथ शिव महाकथा सुनी ।चंचले व उसके पति उम्र पूरी होने के बाद मृत्यु हुई तो इस यमदूत के साथ शिव के लोक से शिव के गण भी उसे लेने आए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर

**पलिया कलां, अमृत विचार :** निघासन मार्ग पर दून स्कूल के निकट देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

गांव टेहरा निवासी राम आसरे, मोहल्ला किसान निवासी अपने एक दोस्त के साथ अफीमी पुरवा की ओर से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। दून इंटरनेशनल स्कूल के निकट उसकी बाइक किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई, जिससे वे दोनों बाइक सहित दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। रोड से गुजर रहे लोगों ने उन्हें किसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर अत्यधिक गंभीर एक युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।

# वायरल वीडियो दे रहे अवधेश सिंह और पुष्पा सिंह की दबंगई की गवाही

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **विधायक थप्पड़ कांड:** समर्थकों के साथ पर्चा छीनते व मारपीट करते दिख रहे आरोपी

**अमृत विचार:** अर्बन कोआपरेटिव बैंक के चुनाव के दौरान हुए बवाल मामले में कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह, अपने पति व समर्थकों के साथ पर्चा छीनते और लोगों को पीटते नजर आ रही हैं।

नौ अक्टूबर को अर्बन कोआपरेटिव बैंक में चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान पुलिस ने पास की गली में बैरिकेडिंग भी कर रखी थी। जहां पर कुछ पुलिस वाले भी मौजूद थे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान पर्चा छीनने को लेकर सदर विधायक योगेश वर्मा की जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह से कहासुनी हो गई थी।

इससे नाराज अवधेश सिंह ने शहर कोतवाल के सामने ही अपने समर्थकों के साथ विधायक की पिटाई कर दी थी। अब इस मामले में कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सभी वायरल वीडियो विधायक की पिटाई की घटना से पहले के बताए जाते हैं। वायरल वीडियो को अगर देखे तो सुबह 10:35 बजे नामांकन पर्चा लेकर बैंक से बाहर निकल कर गली में पुलिस बैरिकेडिंग के पास पहुंचे व्यापारी नेता राजू अग्रवाल को बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह पीछे से कॉलर पकड़ कर खींचते और धक्के मारती दिख रही हैं। कुछ ही पल में उनके पति जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह और तमाम समर्थक आ जाते हैं और पिटाई करते हैं। पिटाई करने के बाद मौके पर जब मौजूद पुलिस पहुंचती है तो अवधेश सिंह पुलिस को समझाते उन्हें वापस कर देते हैं। वहीं पास में खड़े इंस्पेक्टर के कंधे पर हाथ रखकर भी वापस लौटा देते हैं। पूरे वीडियो में पुलिस अवधेश सिंह के इशारे पर नाचती दिख रही है। यह वीडियो काफी चर्चा में हैं। लोगों का कहना है कि वीडियो से साफ है कि पुष्पा सिंह ने अपने पति और समर्थकों के साथ जमकर गुंडई की है।

### वीडियो ने पुलिस की कार्यशैली पर खड़े किए सवाल

बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने एक बार फिर सदर कोतवाली पुलिस को सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के बाहर पुलिस मूकदर्शक बनी खड़ी रही। व्यापारी राजू अग्रवाल को लोग पीटते रहे। उसके बाद एक और व्यापारी का पुलिस के सामने ही पर्चा छीना गया। विधायक थप्पड़ कांड भी शहर कोतवाल के सामने हुआ। इससे पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है। बची खुची पोल बुधवार को वायरल हो रहे वीडियो ने खोल दी है। लोगों का कहना है कि वीडियो से साफ जाहिर हो रहा है कि पूरा घटना क्रम पुलिस की शय पर हुआ है। वीडियो में दिख रहे पुलिस वालों पर रिपोर्ट दर्ज हो और उनकी बर्खास्तगी हो।

### कार्रवाई से विधायक योगेश वर्मा संतुष्ट कहा- पार्टी का पूरा सहयोग मिला

अपने साथ मारपीट के चारों आरोपियों को भाजपा हाईकमान द्वारा पार्टी से निकाल देने और अब उन पर एफआईआर दर्ज होने से सदर विधायक योगेश वर्मा काफी संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा है कि उन्हें पार्टी का पूरा सहयोग मिला। वह मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से भी मिले। हर जगह उनका मान-सम्मान बढ़ाया गया। वह इस कार्रवाई से बिल्कुल संतुष्ट हैं। संगठन को मुझसे जो अपेक्षाएं हैं, उन पर हमेशा खरा उतरने की कोशिश करूंगा।

### इन आरोपों की धाराओं में केस दर्ज

अनधिकृत जमावड़ा, चोट पहुंचाने की नीयत से हमला, धमकी, बल पूर्वक हटाने का प्रयास, हिंसा, आभूषण छीनना आदि धाराएं लगाई गई हैं।

### सदर विधायक ने यह दर्ज कराई रिपोर्ट

दर्ज की गई रिपोर्ट में विधायक ने कहा है कि नामांकन दाखिला के दौरान वह अपने पटेलनगर स्थित कार्यालय पर बैठे थे। तभी सुबह करीब दस बजे सूचना मिली कि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ लखीमपुर के जिला संयोजक राजू अग्रवाल डेलीगेट नामांकन का पर्चा खरीदने गए थे, जिनका पर्चा आवास विकास कॉलानी निवासी पुष्पा सिंह, अवधेश सिंह ने छीनकर फाड़ दिया है और गाली गलौज कर मारापीटा है, जिससे व्यापारी नेता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनकी सोने की चेन भी छीन ली है। वह जब मौके पर पहुंचे तो पुष्पा सिंह व अवधेश सिंह ने 30-40 लोगों के साथ झुंड बनाकर खड़े हैं और डेलीगेट पदों के प्रत्याशियों के पर्चे छीने जा रहे थे। जब उन्होंने इस कृत्य का विरोध किया तो पुष्पा सिंह, अवधेश सिंह ने षड्यंत्र किया। अवधेश सिंह ने उग्र होकर इनकी तरफ आगे बढ़े। जान से मार देने की नीयत से हमलाकर दिया। उनके साथी संग्राम सिंह निवासी जगन्नाथ पुर थाना फरधान, व नीरज सिंह निवासी बहादुरपुर थाना नीमगांव ने पीछे से सिर पर हमला कर दिया। बचाने आए मेरे साथी हेमंत गुप्ता को भी गालियां देते हुए मारापीटा। तब तक पुलिस फोर्स व जनता के लोग एकत्र हो गए। इस पर आरोपी धमकी देते हुए चले गए।

# एएनएम ने फिर घेरा सीएमओ कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिए जारी फरमान से जिले की एएनएम आक्रोशित हैं। मंगलवार को सीएमओ के न मिलने पर जिले भर की एएनएम बुधवार को फिर से सीएमओ कार्यालय पहुंची। उन्होंने कार्यालय का घेराव कर ऑनलाइन हाजिरी न लगाने को लेकर नारेबाजी की।

सीएमओ कार्यालय पर पहुंचकर जिले भर की एएनएम ने नारेबाजी कर ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इससे करीब तीन से चार घंटे तक सीएमओ कार्यालय पर एएनएम को जमावड़ा रहा। एएनएम ऑनलाइन उपस्थित न लगाने पर अड़ी रही। एएनएम का कहना है कि टीकाकरण के अलावा आरसीएच, यूविन, एचआईएमएस, ई कवच, मंत्रा एप पर फीडिंग करने क अलावा आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, चुनाव में ड्यूटी करने से लेकर संचारी अभियान, दस्तक अभियान, फाइलेरिया अभियान, मातृत्व बैठक, प्रसव कराना, आपदा में ड्यूटी, पोलियो अभियान, मिशन इद्र धनुष, डायरिया आदि तमाम कार्यक्रम में ड्यूटी करनी होती है। दूर दराज के इलाकों में तैनाती होने से आने जाने में भी समय लगता है। रानी शर्मा, आरती यादव, पूनम मौर्या, रानू दीक्षित सहित तमाम एएनएम मौजूद रहीं।


प्रदर्शनकारी एएनएम से वार्ता करते सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता। ● अमृत विचार

- **ऑनलाइन हाजिरी न लगाने को लेकर भरी हुंकार**
- **सीएमओ के समझाने पर कार्यस्थल लौट गईं एएनएम**

> राज्य स्तर से निर्देश जारी हुआ था कि सभी एएनएम अपने उपकेंद्र के साथ अपनी फोटो अपलोड करेंगी, जिसको लेकर उनके मन में कुछ आशंकाएं थीं। इसके लिए उनके साथ वार्ता हुई। हालांकि इस संबंध में महानिदेशक की ओर से पहले ही संशोधन जारी हो चुका है, जिससे एएनएम को अवगत करा दिया गया है। इसके बाद वह सभी संतुष्ट होकर कार्य करने के लिए चली गईं। **- डॉ. संतोष गुप्ता,** सीएमओ।

## वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**रोशननगर,अमृत विचार:** हैदराबाद थाना क्षेत्र में ममरी रोशननगर मार्ग पर परेली गैस एजेंसी के निकट साइकिल से खेत पर जा रहे वृद्ध की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। गांव मलफीपुर निवासी मलिखान सिंह (70) सुबह पांच बजे घर से साइकिल से खेत पर जा रहे थे।

रोशननगर मार्ग पर परेली गैसएजेंसी के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सुबह जब टहलने वाले निकले तब देखा कि मलिखान मृत पड़े थे, तब मृत्यु की सूचना घर पहुंचाई गई। परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी। हैदराबाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत, सास घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **परिजनों ने किया हंगामा सीओ ने समझाकर किया शांत**

**अमृत विचार:** ट्रैक्टर-ट्राली ने थाना मितौली क्षेत्र के गांव भीखमपुर के पास बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी सास गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे परिवार वालों ने चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया और शव उठाने नहीं दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थाना फरधान के गांव गांव मिठना बोझी के मजरा परसेहरी खुर्द निवासी अमरीश (37) की सास कोकिला देवी (55) बीमार चल रही हैं। वह उन्हें बाइक पर बैठाकर थाना फूलबेहड़ के सुंदरवल दवा दिलाने जा रहा था। थाना मितौली क्षेत्र में भीखमपुर के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, इससे चालक बाइक समेत अनियंत्रित होकर सड़क गिर गया। हादसे में बाइक चला रहे अमरीश की मौके पर ही मौत हो गई, सास कोकिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल भेजवाया। इधर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव घटनास्थल से नहीं उठने दिया और हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना पर सीओ पीपी सिंह, ईसानगर, धौरहरा, फूलबेहड पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों से कहा ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## मानसिक मंदित युवक का मिला शव, शिनाख्त नहीं


संसारपुर में शव की शिनाख्त कराने का प्रयास करती पुलिस।

**संसारपुर, अमृत विचार:** थाना मैलानी की पुलिस चौकी संसारपुर के कस्बा स्थित कब्रिस्तान में मानसिक मंदित युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त न होने पर शव जिला मुख्यालय भेजा है। कब्रिस्तान में सुबह एक मानसिक मंदित युवक का शव ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना संसारपुर चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, किंतु शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। वह पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

# मिल चलने से पूर्व हो बकाया भुगतान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने प्रदेश की प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी वीना कुमारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर 500 रुपए गन्ना मूल्य, नया सीजन शुरू होने से पहले पूर्ण गन्ना भुगतान, क्रेशरों का सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य भुगतान की मांग की है।

ज्ञापन में लिखा है कि केंद्र सरकार ने 2024-25 के लिए लागत मूल्य को दृष्टिगत रखकर एफआरपी 25 रुपए बढ़ाकर 340 रुपए घोषित किया है। इसलिए उत्तर प्रदेश का गन्ना मूल्य 500 रुपए निर्धारित किया जाए और बकाया भुगतान चीनी मिलों के चलने से पहले करवाया जाये। उन्होंने मांग की है कि उत्तर प्रदेश की अनेकों चीनी मिलें बैगास की राख से पोटाश और बिजली का उत्पादन कर रही हैं। पोटाश और बिजली उत्पादन का मूल्य गन्ना भुगतान में करवाया जाए। प्रदेश की खांडसारी चीनी निर्माण करने वाले उद्योग क्रेशर गन्ना किसानों को मनमाना गन्ना मूल्य देकर शोषण करते हैं। लखीमपुर और अन्य जिलों में बाघ, तेंदुआ, हाथी आदि जंगली जानवरों का प्रकोप है। सरकार अपने खर्चे पर मशीन से गन्ना छिलाई कर किसानों की जीवन रक्षा करे। ज्ञापन की प्रतिलिपि गन्ना एवं चीनी विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार और गन्ना आयुक्त प्रभुनारायण सिंह को भेजी गई है।



प्रमुख सचिव गन्ना को ज्ञापन देते राकिशसं प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा।

- **राकिशसं ने प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी को दिया ज्ञापन**

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़े।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र राघवेन्द्र को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **पुतान सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी मो. देवस्थान कस्बा व थाना बण्डा जिला शाहजहांपुर।**
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### श्रीराम कथा में सुनाया अहिल्या उद्धार का प्रसंग



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** श्रीहनुमान मंदिर सुहेला पर हो रही श्रीराम कथा में कथा व्यास ने प्रभु श्रीराम की बाल लीलाओ एवं अहिल्या उद्धार की कथा सुनाई। प्रशान्त जी महाराज ने श्रीराम कथा में सुनाया कि भगवान श्रीराम पतित पावन हैं। ब्रह्म ऋषि विश्वामित्र ने जब श्रीराम से कहा- आश्रम एक दीख मग माहीं। खग मृग जीव जंतु तहं नाहीं। गौतम नारि श्राप बस, उपल देह धरि धीर। चरन कमल रज चाहति, कृपा करहु रघुवीर।। गुरुदेव का आदेश पाकर जैसे ही श्रीराम ने अपनी चरण रज का स्पर्श शिलाखंड से कराया वैसे ही वह शिला नारी के रूप में परिवर्तित हो गई। भगवान श्रीराम करुणा वरुणालय है। वह अपने भक्तों पर अहेतुक कृपा करते हैं। जैसे ही अहिल्या नारी रूप में प्रकट हुई, वह प्रभु श्रीराम की वंदना करने लगी - परसत पद पावन सोक नसावन, प्रकट भाई तप पुंज सही। अति प्रेम अधीरा, पुलक सरीरा, मुख नहिं आवइ वचन कही।। श्रीराम कथा सुनने के लिये स्वामी प्रसाद त्रिपाठी, जय प्रकाश अवस्थी, अंशुमान, शोभालाल शास्त्री, शत्रुघ्न लाल, डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री, अवधेश यादव, सुनील शुक्ल, सतीश वर्मा, संजय मिश्रा, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# चुनाव में एक दिन बाकी, उपाध्यक्ष पद के लिए जोड़-तोड़ शुरू

## सरजू सहकारी चीनी मिल संचालक बोर्ड चुनाव : मैदान में हैं चार दावेदार, ठोक सकते हैं अपनी-अपनी उम्मीदवारी

टीएन अवस्थी, लखीमपुर खीरी

- गंगानगर अनारक्षित संचालक सीट पर भाजपाइयों की लगी निगाहें
- भाजपा के घोषित उम्मीदवार संचालक सीट पर कड़े मुकाबले में

**अमृत विचार:** सरजू सहकारी चीनी मिल संचालक बोर्ड के उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर अभी एक दिन बाकी है, लेकिन इस सीट के दावेदारों में घमासान शुरू हो गया है। भाजपा के घोषित उम्मीदवार की संचालक सीट पर कांटे का मुकाबला है। ऐसे में उनकी उपाध्यक्ष पद की दावेदारी पर फिलहाल ग्रहण लगा है। सभी की निगाहें भी इसी सीट पर टिकी हुई हैं। चुनावी रणनीतिकारों के साथ सभी संभावित दावेदारों ने उपाध्यक्ष पद के लिए जोड़ तोड़ शुरू कर दी है।

सरजू सहकारी चीनी मिल के संचालक बोर्ड की चुनाव प्रक्रिया चल रही है। मिल संचालक क्षेत्र के सात प्रत्याशी संचालक पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके हैं। इनमें उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ की निवृतमान उपाध्यक्ष बेलरायां निवासी साधना पांडेय भी शामिल हैं। वह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम जी पांडेय की पत्नी हैं। शेष चार संचालक सीटों खैरटिया, गंगानगर, नौरंगाबाद और पचपेड़ा पर गुरुवार को मतदान होगा। भाजपा ने दीपनगर निवासी सुच्चा सिंह को चीनी मिल संचालक बोर्ड के उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया है, लेकिन पार्टी उन्हें निर्विरोध संचालक निर्वाचित नहीं करा सकी। इस सीट पर संचालक पद के लिए प्रतापपुरवा निवासी करन सिंह, कड़िया निवासी विक्रमेंद प्रसाद भल्ला और भाजपा से उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार घोषित सुच्चा सिंह ने नामांकन कराया था। करन सिंह के अपना नामांकन वापस लेने के बाद इस सीट पर विक्रमेंद कुमार भल्ला और सुच्चा सिंह के बीच सीधी लड़ाई है। विक्रमेंद्र कुमार भल्ला क्षेत्र के प्रतिष्ठित वीपी भल्ला के पुत्र हैं। इस वजह से सीट पर कांटे की लड़ाई मानी जा रही है। सुच्चा सिंह भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी रहेंगे या फिर इसमें बदलाव होगा। यह तस्वीर गुरुवार की शाम मतगणना के बाद ही साफ हो सकेगी। फिलहाल संभावित प्रत्याशियों और उनके सहकारी समितियों के चुनावी धुरंधरों ने रणनीति तैयार कर संचालकों में जोड़ तोड़ शुरू कर दी।

### चीनी मिल संघ की निवृतमान उपाध्यक्ष पर भाजपा खेल सकती है दांव

बेलरायां सरजू सहकारी चीनी मिल के संचालक बोर्ड के उपाध्यक्ष पर पर अभी तीन लोगों के चुनाव लड़ने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा उम्मीदवार सुच्चा सिंह के अलावा बोझिया निवासी प्रसेनजीत सिंह पुत्र दरोगा सिंह और भूलनपुर निवासी सरोजनी देवी उपाध्यक्ष पद की दावेदारी कर सकती हैं। चुनावी रणनीतिकारों ने बताया कि यदि भाजपा उम्मीदवार संचालक पद पर जीत हासिल नहीं कर पाते हैं तो भाजपा के पास विकल्प के तौर पर उत्तर प्रदेश चीनी मिल संघ की निवृतमान उपाध्यक्ष भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम जी पांडेय की पत्नी साधना पांडेय हैं, जिन को प्रत्याशी बनाकर भाजपा दांव खेल सकती है।

### सतर्कता : तैनात रहेगा भारी पुलिस बल

लखीमपुर शहर में सदर विधायक थप्पड़ कांड के बाद से जिले की पुलिस सहकारी समितियों के चुनावों को लेकर काफी सतर्क है। वह सुरक्षा प्रबंध को लेकर फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। बेलरायां स्थित सरजू सहकारी चीनी मिल के संचालक और उपाध्यक्ष पद के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि सुरक्षा चाक चौबंद रहेगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी ने अराजकता फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ त्वरित सख्त कार्रवाई होगी।

## पलिया, पतवारा, त्रिकोलिया के निदेशकों का चुनाव पूर्ण

संवाददाता पलिया कलां

- पलिया गन्ना समिति चुनाव में पतवारा के तेजेंद्र सिंह लॉटरी से जीते

**अमृत विचार :** गन्ना सहकारी विकास समिति पलिया के तीन डायरेक्टरों का बुधवार को चुनाव हुआ, जिसमें पतवारा के दो प्रत्याशियों के बीच लॉटरी से परिणाम घोषित किए गए। निर्वाचन अधिकारी राम जनम ने बताया कि पलिया से डायरेक्टर पद पर रणजीत सिंह व हरदीप सिंह के बीच कड़ा मुकाबला था।

रणजीत सिंह ने दो मतों से हरदीप सिंह को पराजित किया। त्रिकोलिया में हरपाल सिंह ने अश्वनी कुमार को एक मत से हराया। पतवारा सीट पर तेजेंद्र सिंह व तेज पाल सिंह के बीच कड़ा मुकाबला रहा। दोनों प्रत्याशियों को पांच-पांच मत मिले। निर्वाचन अधिकारी को टाई एफ कर लॉटरी सिस्टम से परिणाम घोषित करना पड़ा, जिसमें तेजेंद्र सिंह विजयी हुईं। उधर पलिया के 10 सदस्यीय निदेशक मंडल में बल्लीपुर, मझगईं, तिलोकपुर, पटिहन, अतरिया, गदनियां व फरसैया सीटों पर एकल नामांकन होने से प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिए गए। अब गन्ना समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य समितियां को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के नामों, चुनाव व घोषणा 17 अक्टूबर को होगी।

### दो डायरेक्टर पदों पर हरगोविंद और शिवांग जीते

**पसगवां अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति जंगबहादुरगंज के संचालक मंडल के दो संचालक पदों के लिए मतदान और मतगणना शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। संचालक क्षेत्र बरवर से हरगोविंद ने 19 मत प्राप्त कर सोनू सिंह को छह मतों से हराया। सोनू सिंह को तेरह मत मिले।एक मत निरस्त हुआ। संचालक क्षेत्र रैगाई से शिवांग सिंह ने 17 मत प्राप्त कर राम मोहन शुक्ल को कड़े मुकाबले में दो मतों से हराया। राम मोहन शुक्ल को 15 मत और तीसरे प्रत्याशी अखिलेश को तीन मत प्राप्त हुए। निर्वाचन अधिकारी सुभाष चन्द्रा ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव गुरुवार को होगा।

### लॉटरी से हरिश्चंद्र विजयी घोषित

**भीरा, अमृत विचार :** सरकारी गन्ना विकास समिति भीरा में मटेहिया संचालक सीट पर मतदान हुआ। जिसमें मंगतराम व हरिश्चंद्र को छह- छह वोट मिले। चुनाव अधिकारी ने दोनों प्रत्याशियों से वार्ता की। लॉटरी सिस्टम से चुनाव की सहमति बनने पर दोनों के नाम लिखकर बॉक्स में डाला गया। एक छोटी से बच्ची को बुलाकर पर्ची निकलवाई गई। हरिश्चंद्र के नाम की पर्ची निकलने पर उन्हें विजयी घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया कि नौ निर्वाचन क्षेत्र में से आठ संचालक निर्विरोध घोषित किए गए हैं। लॉटरी से हरिश्चंद्र वर्मा चुनाव जीते हैं। 17 अक्टूबर को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर चुनाव होगा।

## धोखाधड़ी कर उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी कराने का आरोप

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला सुंदरपुरम निवासी चित्रा श्रीवास्तव ने अपनी पुत्र वधू पर तहसील कर्मचारियों से सांठगांठ कर जालसाजी कर उत्तराधिकार प्रमाण जारी कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने डीएम समेत कई अन्य अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की, लेकिन उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिल सका है। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

चित्रा श्रीवास्तव का कहना है कि उनका पुत्र पंकज श्रीवास्तव बिसवां तहसील में लेखपाल के पद पर कार्यरत था, जिसकी मौत सात जुलाई 2024 को हो गई थी। आरोप है कि पुत्र वधू नमिता श्रीवास्तव ने तहसील के कर्मचारियों से मिलकर फर्जी तरीके से कूटरचित कागजात तैयार कर उत्तराधिकार बनवाया है, जबकि उन्होंने न ही उत्तराधिकारी के लिए अपने कोई हस्ताक्षर किये हैं और न ही कोई अपने प्रपत्र दिए हैं। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसडीएम सगर अवनीश कुमार सिंह और तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर की गई, लेकिन अफसरों ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब पीड़िता ने मुख्यमंत्री जनशिकायत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## खीरी सहकारी गन्ना समिति के संचालक पद का चुनाव संपन्न



मतदान स्थल पर मौजूद पुलिस एवं तहसील प्रशासन के अधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचारः** खीरी - पीलीभीत उपक्रम सहकारी गन्ना विकास समिति संपूर्णानगर में बुधवार को समिति के खजुरिया, सिंगाही खुर्द एवं नहरोसा के डायरेक्टर पदों के लिए चुनाव हुआ। खजुरिया से राजकुमार मौर्य, सिंगाही खुर्द से शिव कुमार गुप्ता एवं नहरोसा हजारा पीलीभीत से सरबजीत सिंह बाजवा ने चुनाव जीते हैं।

इसके अलावा मनप्रीत सिंह शेरगिल, लाखी सिंह पूर्व प्रधान आदि पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके हैं। सुरक्षा को लेकर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा।

## ग्रंट मुल्तानपुर से रामकुमार, ग्रंट 11 से आशीष, चांदपुर से मुकेश जीते

- आठ पर एकल नामांकन होने से हुए निर्विरोध निर्वाचित घोषित
- सहकारी गन्ना समिति सभापति व उपसभापति का चुनाव आज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सहकारी गन्ना विकास समिति में संचालक मंडल का चुनाव गहमागहमी और कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हो गया। तीन पदों पर हुए मतदान में चांदपुर से मुकेश कुमार, ग्रंट नंबर 11 से आशीष कुमार और ग्रंट मुल्तानपुर से रामकुमार निर्वाचित घोषित किए गए हैं। आज सभापति, उप सभापति और अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का चुनाव होगा।

सहकारी गन्ना विकास समिति में संचालक मंडल के लिए 11 क्षेत्र निश्चित हैं, जिसमें तीन क्षेत्रों के लिए मतदान हुआ। निर्वाचन क्षेत्र चांदपुर से सात प्रत्याशी मैदान में थे। मतगणना में मुकेश कुमार को 25 मत मिले, उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी साधना को 16 मत और माघवेंद्र शाह को एक मत मिला। प्रत्याशी आलोक कुमार, जीवेन्द्र सिंह, प्रभात प्रताप सिंह और हरिओम मिश्रा को एक भी मत नहीं मिला। ग्रंट मुल्तानपुर से रामकुमार और रामराखन आमने-सामने थे। इसमें रामकुमार को 56 मत मिले और रामराखन को 27 मतमिले। रामकुमार को निर्वाचित घोषित किया गया। ग्रंट नंबर 11 से आशीष कुमार और नोखेलाल आमने सामने थे, जिसमें आशीष कुमार को 35 और नोखेलाल को सिर्फ एक मत मिला। आशीष कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया। संचालकों की आठ सीटों पर एकल नामांकन होने से ग्रंट नंबर 14 में शकुंतला देवी, ग्रंट फजलनगर से चरनजीत कौर, ग्रंट रामपुर डाटपुर से योगेश कुमार वर्मा, गंन्ट लंदनपुर से सीमा वर्मा, ग्रंट साहबगंज से अरविंद कुमार सिंह, ग्रंट चौरठिया से छगपाल सिंह, गोला गोकर्णनाथ से ब्रजकिशोर और धनसिंहपुर से बीना सिंह को निर्विरोध संचालक निर्वाचित घोषित किया गया।



गोला की गन्ना समिति में विजयी संचालक को प्रमाणपत्र देते अधिकारी। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### स्वास्थ मेला में 534 पशुओं का परीक्षण



**मूड़ा सवारान, अमृत विचार :** पशुपालकों द्वारा पाले जाने वाले पशुओं की देखरेख के मामलों को लेकर सरकार कड़े कदम उठा रही है। सरकार ने कई अभियानों के साथ पशु प्रेमियों को गौपालन के लिए सहयोग राशि भी प्रदान कर रही है, साथ ही पशुचिकित्सा के अधिकारियों को गांव गांव जाकर इन पशु पालकों को जागरूक करा रही है। गांव इटकुटी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आरोग्य पशु चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ जगदीश प्रसाद और विधायक प्रतिनिधि अजय गिरि, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कुलभूषण राज द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में 534 पशुओं का इलाज किया गया। इस दौरान डॉ प्रदीप कुमार, डॉ जितेंद्र मणि, डॉ अनिरुद्ध, डॉ सुभाष, डॉ हेमंत कुमार आदि रहे।

### कबीरधाम में तीन दिनी मेला कल से, आएंगे राज्यपाल



**अलीगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के कबीरधाम मुस्तफाबाद में राष्ट्रीय संत गुरुदेव असंग देव के सानिध्य में स्मृति एवं जन्मोत्सव का मेला 18 से 20 अक्टूबर तक होगा, जिसकी तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। मेले में संत गुरमन देव, क्षमा देव प्रकट दिवस एवं समाधि लोकार्पण और स्मृति दिवस का भी कार्यक्रम रखा गया है। आश्रम के सरवराकार पूर्व प्रधान अनुभवदास, प्रवीणदास ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत, विशिष्ट अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, पूर्व मंत्री अजय मिश्र टेनी, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, आशीष पटेल, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, कारागार मंत्री सुरेश राही, मुन्नूलाल कोरी, आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक अनिल कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता, अपर मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा को आमंत्रित किया गया है। कबीरधाम आश्रम के संचालक क्षमादेव और गुरमन देव मंदिर का उद्घाटन कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत करेंगे।

### आज नगर व ग्रामीण इलाके में ठप रहेगी दो घंटे बिजली

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** गुरुवार को नगर समेत पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई सुबह 6 .30 बजे से 8 .30 बजे तक दो घंटे गुल रहेगी। यह समय बढ़ भी सकता है। बिजली विभाग के एसडीओ नीलाक्ष मनोष ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए 33 केवी मेन बेस पर अनुरक्षण का काम कराया जाएगा। 132 केवी उपकेंद्र गोला से निर्गत होने वाले पोषकों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। हालांकि सुबह 6 .30 से 8 .30 बजे तक का समय दिया गया है। यह समय सीमा बढ़ भी सकती है। उपभोक्ता आज सुबह 5 .30 से पहले पेयजल आपूर्ति समेत अपना जरूरी काम निबटा लें।

## पराली को जलाएं नहीं, करें इसका बेहतर उपयोग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सीडीओ बोले- कंपोस्ट खाद बनाएं, पैदावार के साथ उर्वरा शक्ति में होगा इजाफा

**अमृत विचारः** किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में किसान दिवस का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। सीडीओ ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश देते हुए मौजूद किसानों को पराली न जलाए जाने का संकल्प दिलाया।

सीडीओ ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। शासन पराली जलाने की घटनाओं को लेकर काफी गंभीर है। उन्होंने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनीं, बल्कि निराकरण के लिए निर्देश दिए। कहा कि अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सकें, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं, बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं। उप निदेशक (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र ने फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के लिए जागरूक किया। बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक डॉ. पीके बिसेन, उद्यान, गन्ना, रेशम, कृषि रक्षा, नलकूप लघु सिंचाई, सहकारिता से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।





बैठक में दिशा निर्देश देते सीडीओ अभिषेक कुमार। • अमृत विचार

## बहराइच जा रहे बजरंग दल नेता को पुलिस ने रोका

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- विभागाध्यक्ष बोले- हत्यारोपियों का एनकाउंटर नहीं हुआ तो होगा विशाल हिंदू सम्मेलन

**अमृत विचारः** मूर्ति विसर्जन के दौरान भड़की हिंसा के बाद चल रहे विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पदाधिकारियों के साथ बहराइच जा रहे राष्ट्रीय बजरंग दल के सीतापुर विभाग अध्यक्ष को राजापुर चौकी पुलिस ने रोक लिया और बैठा लिया।

बहराइच जिले की महसी तहसील के महाराजगंज कस्बे में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान रामगोपाल मिश्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद हिंसा भड़क गई। कई स्थानों पर तोड़फोड़-आगजनी हुई। बुधवार को बहराइच में चल रहे विरोध प्रदर्शन में राष्ट्रीय बजरंग दल के सीतापुर के विभाग अध्यक्ष देव जुनेजा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत संगीता गुप्ता अध्यक्ष महिला परिषद अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष जसवंत राज, ब्लाक अध्यक्ष बेहजम तेजस गुप्ता आदि के साथ बहराइच जा रहे थे। राजापुर चौकी इंचार्ज संचित यादव ने सभी को राजापुर चौराहा पर रोक लिया और चौकी पर बैठा लिया। देव जुनेजा ने बताया कि प्रशासन ने कहा कि माहौल बहुत खराब है। इसलिए आप वहां न जाएं।

## अनदेखी

### पॉवर कारपोरेशन के अधिकारियों की लापरवाही से तीर्थ नगरी गोला गोकर्णनाथ में बिजली व्यवस्था अक्सर रहती है चौपट

# झूल रही लाइनें, कहीं पेड़ में बंधी केबल, खंभों पर फैला तारों का मकड़जाल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** पावर कारपोरेशन के अधिकारियों की अनदेखी से नगर के कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति के तार झूल रहे हैं, जो लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। गलियों में निकलने वाले राहगीर, सामान की लोडिंग अनलोडिंग के लिए आने वाले वाहनों के इनकी चपेट में आने का खतरा बना रहता है। बिजली विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज, कोठी भट्टा, गांधी विद्यालय के पीछे, राघवकुंज कॉलोनी, कुम्हारनटोला, कोहली टायर वाली गली सहित कई जगह, बिजली सप्लाई के लिए लगाए गए बिजली खंभों से बिजली के तार मकानों तक छज्जों, बांस बल्लियों के सहारे बिछा गए हैं, जो लटकर कर काफी नीचे आ गए हैं। झूलते तार नगर निवासियों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। निकलने वाले लोग, पशु कभी भी करंट की चपेट में आकर अपनी जान खो देते हैं। पैदल, साइकिल, बाइक, कार से निकलते समय तार छूने का खतरा बना रहता है, जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। छोटी काशी धार्मिक एवं व्यावसायिक नगरी होने के चलते वर्ष भर मेलों का सिलसिला चलता रहता है। नगर में अमावस्या, पूर्णिमा, सावन और चैत्र माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करने आने वाले श्रद्धालुओं को भी बिजली के झूलते तारों से खतरा बना रहता है।



मुन्नूगंज मोहल्ले में झूलते तार। • अमृत विचार



मोहल्ले के पास खुले तार। • अमृत विचार



राघवकुंज में बांस बल्ली के सहारे बिजली तार।

उपभोक्ता पोल से लम्बी दूरी पर कनेक्शन ले लेते हैं। कुछ जगह ऐसी हैं, जहां पोल नहीं लगाए जा सकते हैं। झूलते तारों की समस्या कुछ मोहल्लों में ज्यादा है, उसे दिखवाकर ठीक करने का प्रयास किया जाएगा। **-नीलाक्ष मनोश,** एसडीओ गोला

### लोगों से हुई बातचीत



नगर के गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निकट रहने वाले बादल का कहना है कि बिजली के झूलते तारों से खतरा न हो, इसके लिए लोगों ने स्वयं बांस बल्ली लगाकर तार घर की छत से दूर कर दिए हैं। केबिल वाली लाइन बिछा दी जाए तो इस समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है।



नगर निवासी शैलेंद्र कनौजिया का कहना है कि उनके मकान के पास बिजली के खंभे से कई कनेक्शन हैं। इन खंभों में मकड़ी के जाल, गुच्छेनुमा तार लटक रहे हैं। इनमें कई तार जर्जर है, जिनमें टेपिंग की गई है। इन तारों से रात में पानी बरसने पर करंट उतरने का खतरा बना रहता है।



मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी सोनू गुप्ता ने बताया कि उनके मोहल्ले में पेड़ से केबिल बांधकर बिजली आपूर्ति की जा रही है। जन प्रतिनिधियों के साथ ही इस समस्या के लिए कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को प्रार्थनापत्र दिया है। वर्षों बीत गए कोई सुनवाई अभी तक नहीं हुई है।



नगर निवासी सगीर का कहना है कि मोहल्ले में झूलते बिजली के तारों के मकड़जाल से कभी भी हादसा होने की आशंका बनी रहती है। कोई जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। यह समस्या काफी पुरानी है। लेकिन इसके सुधार के लिए न ही विभाग, न ही कोई जनप्रतिनिधि ध्यान देता नजर आ रहा है।

## जिला अस्पताल में चार पीड़ितों में डेंगू की पुष्टि

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार :** जिले में डेंगू थमने का नाम नहीं ले रहा है। डेंगू संक्रमितों की संख्या 250 के पार पंहुच चुकी है। बुधवार को डेंगू के चार नए मरीज मिले हैं। जबकि पांच संक्रमितों का इलाज जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में हो रहा हैं। उधर मलेरिया के मरीजों की संख्या भी 550 हो गई है। जिला अस्पताल में हुई जांच में बुखार पीड़ित तेजपाल पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी पिपरिया, आशा देवी पत्नी उमेश कुमार निवासी अमकोटवा, संगीता पत्नी शिवप्रसाद निवासी गुलरीपुरवा शारदानगर, अंशुल अवस्थी पुत्र सुरेन्द्र निवासी पीरपुर फरधान, प्रखर पुत्र अभिषेक बरनवाल निवासी हरगांव में ड़ेगू की पुष्टि हुई है। इसके अलावा इमरजेंसी में बुधवार दोपहर तक 41 मरीज भर्ती किए हुए। बुखार की चपेट में आने से चिल्ड्रेन वार्ड में बुखार पीड़ित सात बच्चे, मेल वार्ड में 21 और फीमेल वार्ड में सात, जीरियाट्रिक वार्ड में बुखार पीड़ित 10 बुजुर्गों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

